दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 67 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00 | जयपुर | गुरुवार, 08 जनवरी 2026 | माघ माह, कृष्ण पक्ष षष्ठी, संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan

# कोहरे के साये में छुपा प्रदेश




## कड़ाके की ठंड के कारण 25 जिलों में स्कूल बंद : अजमेर में बस पलटी, 22 घायल; दौसा में युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सर्दी के चलते राजस्थान के 25 जिलों में गुरुवार को भी स्कूलों में छुट्टी रहेगी। जोधपुर और जैसलमेर में सरकारी और प्राइवेट स्कूलों का समय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कर दिया गया है। इससे पहले बुधवार को जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर, दौसा सहित तमाम जिलों में घना कोहरा रहा। जयपुर में विजिबिलिटी शून्य हो गई थी। कोहरे का असर ट्रेन और फ्लाइट संचालन पर भी पड़ा है। जयपुर एयरपोर्ट से जाने वाली 8 फ्लाइट प्रभावित हुई। प्रदेश के 4 शहरों का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इसमें माउंट आबू (सीकर), सीकर, सिरोही, लूणकरणसर (बीकानेर) शामिल हैं। उधर, दौसा में बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-21 पर टेम्पो और बाइक में टक्कर हो गई। बाइक सवार 21 साल के युवक की मौत हो गई। सदर थाने के कॉन्स्टेबल भूपसिंह ने बताया कि हादसा कोहरे की वजह से हुआ। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। अजमेर के किशनगढ़ के बड़गांव चौराहे पर सुबह 8 बजे घने कोहरे के कारण हादसा हुआ। ट्रेलर ने सोलर प्लांट के कर्मचारियों से भरी बस को टक्कर मार दी, जिससे बस पलट गई। हादसे में 22 कर्मचारी घायल हो गए।

## वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस की मान्यता रद्द

### मुस्लिम छात्रों के एडमिशन पर हुआ था विवाद, स्टूडेंट्स दूसरे कॉलेजों में शिफ्ट किए जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** जम्मू स्थित वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस की मान्यता रद्द कर दी गई है। कॉलेज को पिछले साल ही एमबीबीएस कोर्स चलाने की मान्यता मिली थी। नेशनल मेडिकल कमिशन ने कॉलेज में मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर यह फैसला लिया। मौजूदा एमबीबीएस छात्रों को अन्य कॉलेजों में शिफ्ट किया जाएगा। दरअसल कॉलेज पर आरोप लगा था कि 2025-26 के पहले बैच में 42 मुस्लिम, 7 हिंदू और एक सिख छात्र का नाम सीट अलॉटमेंट लिस्ट में रखा गया। जिसके बाद कई हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा था कि सीट बंटवारे में भेदभाव किया गया। हिंदू छात्रों की अनदेखी की गई, इसलिए एडमिशन लिस्ट तुरंत रद्द होनी चाहिए। साथ ही हिंदू संगठनों ने मांग की थी कि यह कॉलेज माता वैष्णो देवी के भक्तों के चढ़ावे से चलता है, इसलिए हिंदू छात्रों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी फर्म का दावा

## पाकिस्तान ने संघर्ष रुकवाने के लिए 60 बार गुहार लगाई, भारत ने भी संपर्क किया था

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अमेरिका के फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट के दस्तावेज सार्वजनिक हुए हैं। इसके मुताबिक पिछले साल अप्रैल में भारत के चलाए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान डर गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जंग रोकने के लिए पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमैट के जरिए लॉबिंग की थी। इसके तहत अमेरिका में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों, सांसदों, पेंटागन और विदेश विभाग के अफसरों के साथ करीब 60 बार संपर्क किया था। एफएआरए के तहत अमेरिकी न्याय विभाग में दाखिल दस्तावेजों से पता चला है कि पाकिस्तानी राजनयिकों ने ईमेल, फोन कॉल, वन-टु-वन बैठकों के जरिए अप्रैल अंत से लेकर 4 दिन के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तक संघर्ष विराम के लिए बैठकें जारी रखी थीं। पाकिस्तान किसी भी तरह से भारत पर अमेरिका का दबाव बनाकर युद्ध रुकवाना चाहता था। उसने ट्रम्प प्रशासन तक तेजी से पहुंच बनाने, व्यापार और कूटनीतिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए 6 लॉबिंग फर्मों पर करीब 45 करोड़ खर्च किए थे। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय दूतावास ने अमेरिकी सरकार और उसके अधिकारियों से संपर्क बढ़ाने के लिए फर्म की सेवाएं ली थीं।



## 2026 की शुरुआत ISRO PSLV-C-62 मिशन से करेगा

### 12 जनवरी को श्रीहरिकोटा से लॉन्चिंग

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली.** श्रीहरिकोटा के प्रथम प्रक्षेपण पैड (एफएलपी) से निर्धारित है। रॉकेट अपने साथ एक छोटा प्रायोगिक उपकरण, केस्ट्रेल इनिशियल डेमोंस्ट्रेटर (केआईडी) भी ले जाएगा। एक स्पेनिश स्टार्टअप द्वारा विकसित, केआईडी रॉकेट के पीएस-4 चरण से जुड़ा रहेगा।

इसरो नए साल के अपने पहले प्रक्षेपण की तैयारी में जुट गया है। पीएसएलवी-सी62 मिशन 12 जनवरी को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से उड़ान भरने वाला है। इसरो के एक अधिकारी के अनुसार, मिशन का मुख्य पेलोड ईओएस-एन1 है, जो रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा रणनीतिक उद्देश्यों के लिए विकसित एक इमेजिंग उपग्रह है। इसरो ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण 12 जनवरी 2026 को भारतीय समयानुसार 10:17 बजे एसडीएससी एसएचएआर, श्रीहरिकोटा के प्रथम प्रक्षेपण पैड (एफएलपी) से निर्धारित है। रॉकेट अपने साथ एक छोटा प्रायोगिक उपकरण, केस्ट्रेल इनिशियल डेमोंस्ट्रेटर (केआईडी) भी ले जाएगा। एक स्पेनिश स्टार्टअप द्वारा विकसित, केआईडी रॉकेट के पीएस-4 चरण से जुड़ा रहेगा। इसके अलावा, सूत्रों ने पुष्टि की है कि भारत, मॉरीशस, लक्ज़मबर्ग, यूएई, सिंगापुर, यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के स्टार्टअप और अनुसंधान संस्थानों से 17 वाणिज्यिक पेलोड इस उड़ान के लिए भेजे जाने की पुष्टि की गई है।

अंतरिक्ष प्रेमी एसडीएससी एसएचएआर, श्रीहरिकोटा स्थित लॉन्च व्यू गैलरी से लॉन्च का सीधा प्रसारण देख सकते हैं। पंजीकरण ऑनलाइन lvg.shar.gov.in पर उपलब्ध है। इसरो आगंतुकों को सलाह देता है कि वे त्वरित और सुगम पंजीकरण प्रक्रिया के लिए सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस), मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी तैयार रखें। यह आगामी मिशन 2025 के बेहद सफल समापन के बाद आ रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-कुत्तों के चलते लोग कब तक परेशानी झेलेंगे

### स्कूल और कोर्ट कैंपस में कुत्तों की क्या जरूरत; वे बच्चों-बड़ों को काट रहे, लोग मर रहे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूछा कि कुत्तों के कारण आम लोगों को आखिर कब तक परेशानी झेलनी पड़ेगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश सड़कों के लिए नहीं, बल्कि केवल संस्थागत क्षेत्रों के लिए है। पीठ ने सवाल उठाया कि स्कूलों, अस्पतालों और अदालत परिसरों के भीतर आवारा कुत्तों की क्या आवश्यकता है और उन्हें वहां से हटाने पर क्या आपत्ति हो सकती है। बुधवार को मामले की सुनवाई ढाई घंटे तक चली। अगली सुनवाई 8 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से फिर शुरू होगी।

बहस में आवारा कुत्तों के फेवर में पैरवी कर रहे कपिल सिब्बल ने कहा कि जो कुत्ता काटे उसकी नसबंदी की जा सकती है।

इस पर कोर्ट ने कहा, अब तो बस एक ही चीज बाकी है, कुत्तों को भी काउंसलिंग देना। ताकि वापस छोड़े जाने पर वह काटे नहीं।

इस बीच सिब्बल ने कहा, जब भी मैं मंदिरों वगैरह में गया हूं, मुझे कभी किसी ने नहीं काटा। सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दिया- आप खुशकिस्मत हैं। लोगों को काटा जा रहा है, बच्चों को काटा जा रहा है। लोग मर रहे हैं।

कोर्ट ने कहा कि कुत्तों से दुर्घटनाओं का खतरा भी होता है। आप इसकी पहचान कैसे करेंगे सुबह-सुबह कौन सा कुत्ता किस मूड में है, यह आप नहीं जान सकते।

कोर्ट ने सरकार से पूछा कि 2018 में एनिमल बर्थ कंट्रोल को लेकर सख्त निर्देश दिए गए थे। ये ठीक से लागू क्यों नहीं हुए। नियमों के पालन में देरी से जनता को नुकसान नहीं होना चाहिए।




## एसपी के बंगले के बाहर से युवती का किडनैप


### स्कॉर्पियो में आए लोगों ने खींचकर गाड़ी में डाला; पुलिस ने रोका तो कुचलने की कोशिश की

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में एसपी के बंगले के सामने से दिनदहाड़े युवती का किडनैप हो गया। ब्लैक स्कॉर्पियो में आए लोगों ने युवती को खींचकर गाड़ी में डाला और रफ्तार में गाड़ी दौड़ाते हुए भाग निकले। मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों ने रोकने की कोशिश की तो उनको कुचलने का प्रयास किया।

ससुराल पक्ष आरोप कि स्कॉर्पियो में युवती के पीहर पक्ष के लोग थे। उनका दावा है कि युवक और युवती ने कोर्ट मैरिज कर ली थी, लेकिन युवती के परिवार वाले इससे नाराज थे। घटना कलेक्ट्रेट परिसर के पास एसपी ऑफिस से महज 50 मीटर दूरी पर बुधवार शाम करीब 6 बजे हुई।

जानकारी के अनुसार, प्रेमी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही युवती ने पीहर पक्ष से खुद की जान को खतरा बताया था। इसका शपथ पत्र लेकर वह एसपी ऑफिस पहुंची थी। लौटते समय बीच सड़क पर ब्लैक स्कॉर्पियो आकर रुकी और उसमें सवार लोगों ने युवती को खींचकर गाड़ी में बैठा लिया और फरार हो गए।



### पीहर पक्ष से मिल रही थी धमकियां

युवती के ससुराल पक्ष का कहना है कि युवती को पीहर पक्ष से जान का खतरा था। इसी कारण वह उनसे दूर रह रही थी। कई बार पीहर पक्ष की ओर धमकी दी गई थी। ऐसे में युवती अपनी सुरक्षा की गुहार लगाने एसपी ऑफिस आई थी।

शपथ पत्र देकर वह लौट रही थी। इसी दौरान एसपी ऑफिस से महज 50 मीटर दूर स्थित एसपी के बंगले के बाहर एक ब्लैक स्कॉर्पियो आकर रुकी। गाड़ी में बैठे लोगों ने युवती को खींचकर गाड़ी में डाला और फरार हो गए।

### पुलिस जवान ने रोका, लेकिन नहीं रुकी स्कॉर्पियो

मौके पर मौजूद विशेष शाखा के एएसआई प्रताप सिंह ने चलती गाड़ी के आगे खड़े होकर उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन किडनैपर्स ने गाड़ी नहीं रोकी और पुलिसकर्मी को कुचलने की कोशिश की। इस दौरान प्रताप सिंह का मोबाइल पर सड़क पर गिरकर टूट गया और वे बाल-बाल बचे। दो वकीलों ने भी स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने गाड़ी नहीं रोकी और भगाते हुए ले गए। तेज रफ्तार गाड़ी ने रास्ते में एक बाइक सवार को भी कुचलने की कोशिश की, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

### चार घंटे में गाड़ी जब्त, लड़की और बदमाशों को डिटेन

एडिशनल एसपी पारस जैन ने बताया- वारदात के बाद जिलेभर में नाकाबंदी करवाई थी। ब्लैक स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है। लड़की को डिटेन कर लिया है, साथ ही कुछ बदमाशों को भी पकड़ा है।

# ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ी युवती के साथ छेड़छाड़ व लज्जा भंग

## संस्था की बिल्डिंग में रूकी युवती के कमरे में घुसे आरोपी  संस्था से जुड़े बताए आरोपियों में एक भाजपा पदाधिकारी भी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ी युवती के साथ छेड़छाड़ एवं लज्जा भंग का मामला सामने आया है। मामला संस्थान परिसर में ही होना बताया जा रहा है तथा आरोपी भी संस्था से जुड़े बताए जा रहे हैं। युवती के साथ अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बनाया, जिसे वायरल करने की धमकियां दी गई। वहीं, मुख्य आरोपी के साथ युवती का वीडियो बनाने वाला आरोपी भाजपा से भी जुड़ा बताया गया है। जयपुर निवासी पीड़िता ने इस सम्बंध में पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। घटना गत अक्टूबर माह की बताई जा रही है। वहीं, दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में भी युवती के आबूरोड आने पर आरोपियों की ओर से बार-बार मिलने का दबाव बनाया गया। इसके बाद युवती ने पुलिस में शिकायत पेश की।

### नशे की हालत में कमरे में घुसे

शिकायत में बताया गया कि गत अक्टूबर माह में वह संस्था के प्रभु दर्शन बिल्डिंग में रूकी हुई थी। इस दौरान दो युवक नशे की हालत में आए तथा उसका कमरा खुलवाकर अंदर घुसे। एक युवक निखिल ने उसके साथ जबदरस्ती करने का प्रयास किया। वहीं, दूसरे युवक पीराराम देवासी ने इन हरकतों का वीडियो बनाया। चिल्लाने पर दोनों युवक उसे धमकियां देते हुए चले गए।

### संस्थान से जुड़े बताए पांचों आरोपी

युवती ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ी होने के कारण उसका माउंट आबू आना-जाना रहता है।

इस दौरान संस्थान से जुड़े निखिल, पीराराम, अभिषेक, प्रीति आदि से उसकी मुलाकात हुई।

आरोप है कि युवती के साथ हुए इस घटनाक्रम में प्रीति भी निखिल की सहयोगी है। वहीं, अन्य एक संजय को भी आरोपी बताया गया है।

शांतिवन तलेटी निवासी इन आरोपियों पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### निखिल बोला होटल में रूकवा देता हूं

उधर, दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में युवती एक बार फिर आबूरोड आई तथा शांतिवन आश्रम में रूकी। रूम के लिए निखिल से सम्पर्क किया तो उसने बताया कि रूम खाली नहीं है बाहर होटल में करवा सकता है। इस पर युवती ने उसे मना कर दिया तथा स्वस्तर पर ही प्रेम निवास में रूक गई। इसके बाद निखिल उसे बार-बार मैसेज करते हुए मिलने का दबाव बनाता रहा एवं धमकियां दी।

**मामला दर्ज किया है :** जयपुर निवासी युवती ने छेड़छाड़ एवं लज्जा भंग को लेकर शिकायत प्रस्तुत की थी। हमने मामला दर्ज किया लिया है। इस सम्बंध में जांच चल रही है।

**- प्रदीप डांगा, थानाधिकारी, आबूरोड सदर**

## नशे के खिलाफ मानव श्रृंखला और रैली का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (मल्टीपर्पज) श्रीगंगानगर के विद्यार्थियों ने नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में नशे के खिलाफ मानव श्रृंखला, रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, और प्रेरणादायक वर्कशॉप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के सह प्रभारी विक्रम ज्याणी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बदलाव है। यहां एक-दूसरे का हाथ थामकर बनाई गई मानव श्रृंखला यह संदेश दे रही है कि जब तक हम एक-दूसरे का साथ नहीं छोडेंगे, तब तक नशा हमारे समाज को तोड़ नहीं सकता है। इस दौरान नशे के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और पारिवारिक दुष्परिणामों पर गहराई से चर्चा करते हुए श्री ज्याणी ने बताया कि गलत संगत और क्षणिक आकर्षण किस तरह पूरे जीवन को अंधेरे में धकेल देता है। वर्कशॉप के बाद मानव श्रृंखला, जन-जागरूकता रैली में विद्यार्थियों ने कसम ये खाएंगे, नशे को दूर भगाएंगे के नारे लगाए। अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और उपस्थितजनों ने एक स्वर में नशा मुक्त जीवन की शपथ ली। प्रिंसिपल श्री जितेन्द्र कुमार असीजा ने कहा कि यह शपथ केवल औपचारिकता नहीं थी, बल्कि दिल में जिम्मेदारी के साथ लिया गया वादा है कि हम स्वयं नशे से दूर रहेंगे। पुलिस कांस्टेबल प्रवीण कुमार ने साइबर सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के लिए युवाओं को जागरूक किया।

## डीआईजी पदोन्नति के बाद पावटा-प्रागपुरा आगमन पर देवेन्द्र कुमार विश्नौई का भव्य अभिनंदन

### ज्योतिषाचार्य से लिया आशीर्वाद, खादी सम्मान से नागरिकों ने जताया गौरव

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक से डीआईजी पद पर पदोन्नत हुए देवेन्द्र कुमार बिश्नोई मंगलवार को अपनी पत्नी सहित नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ज्योतिषाचार्य पंडित कमलेश शास्त्री महाराज से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके आगमन से क्षेत्र में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। डीआईजी बिश्नोई की पदोन्नति के उपरांत देवेश खादी भंडार संयोजक एडवोकेट मुरलीधर खोवाल के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह में डीआईजी बिश्नोई एवं उनकी पत्नी को खादी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, मिठाई खिलाई गई तथा प्रतीक स्वरूप खादी का सूत बुनने वाला चरखा भेंट कर आत्मनिर्भरता व सादगी का संदेश दिया गया। इस अवसर पर डीआईजी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने कहा कि पदोन्नति के बाद अपने क्षेत्र में मिल रहा यह स्नेह और सम्मान मेरे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। आमजन की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना और निष्पक्ष पुलिसिंग मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि खादी आत्मनिर्भर भारत की पहचान है, ऐसे प्रतीकात्मक सम्मान से जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। समारोह को संबोधित करते हुए एडवोकेट मुरलीधर खोवाल ने कहा कि देवेन्द्र कुमार बिश्नोई का कार्यकाल अनुशासन, संवेदनशीलता और प्रभावी पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां उपस्थितजनों ने डीआईजी बिश्नोई को उज्ज्वल व सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## बारहठ अध्यक्ष एवं चैधरी महासचिव बनें

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** राजसथान कृषि महाविद्यालय की पूर्व छात्र परिषद के आज सम्पन्न हुए त्रिवर्षीय चुनाव में नरेन्द्र सिंह बारहठ अध्यक्ष, डॉ. जगदीश चैधरी महासचिव, डॉ. दीपंकार चक्रवर्ती संयुक्त सचिव चुने गये। परिषद के प्रवक्ता डॉ.दीपांकर चक्रवर्ती ने बताया कि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज महला पे अपने आदेश निम्न कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावा डॉ. एस.एस. मारवाहा कोषाध्यक्ष,उदयपुर चेप्टर शिविर प्रभारी डॉ.डी.पी.सिंह, जोधपुर चेप्टर प्रभारी डॉ. जी.एस.परिहार,बीकानेर चेप्टर प्रभारी डॉ. राजेन्द्र मूण्ड,जयपुर चेप्टर प्रभारी डॉ. दानवीर वर्मा,कोटा चेप्टर प्रभारी डॉ. महेन्द्र चलका,यूएसए चेप्टर प्रभारी डॉ. दिलीप पंचोली,भरतपुर चेप्टर प्रभारी डॉ. अशोक शर्मा को मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त 13 कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये। अधिष्ठाता परिषद के संरक्षक होंगें।

## राजनीति से खटाई में पड़ सकती है रेल परियोजना

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रेलवे जंक्शन की मांग को लेकर पिण्डवाड़ा में चल रहे आंदोलन पर भाजपा नेता बिशनसिंह देवड़ा (कैलाशनगर) ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि सिरोही मुख्यालय रेलवे लाइन से जुड़ रहा है इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए। इससे यह योजना खटाई में पड़ सकती है या लम्बित हो सकती है। जंक्शन को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जो सही नहीं है। रेलवे स्टेशन सिरोही के समीप पांच से छह किमी दायरे में ही बनेगा। रेल लाइन किस जगह बिछेगी यह किसी जनप्रतिनिधि के हाथ में नहीं होता। यह कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही चलता है।

# उदयपुर बनेगा औद्योगिक महाकुंभ का केंद्र

## तीन दिवसीय राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो राइटेक्स 20 मार्च से बी.एन.कॉलेज मैदान पर

### 200 से अधिक लगेंगी स्टॉल्स, 30 हजार आंगतुकों के भाग लेने एवं एक हजार करोड़ से अधिक के व्यापार सृजन की संभावना

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** राजस्थान के औद्योगिक, व्यापारिक और निवेश परिदृश्य में एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। राज्य को औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और इवेन्शन की ओर से राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो राइटेक्स का तीन दिवसीय दूसरा संस्करण 20 मार्च से बा.एन.कॉलेज मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। प्रदर्शनी का समय प्रातः 11 बजे से शाम 8 बजे तक किया जाएगा एवं प्रवेश निशुल्क रहेगा। इस सन्दर्भ में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य एवं उदयपुर संभाग के संयोजक मुकेश माधवानी ने प्रेसवार्ता में सभी का स्वागत करते हुए राइटेक्स 2026 के बारें में विस्तार से बताया। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के रेजिडेंट डायरेक्टर आर के गुप्ता ने बताया कि राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो केवल एक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि यह उद्योग, व्यापार, निवेश, तकनीक, नवाचार और नीति के समन्वय का सशक्त मंच है। इस तीन दिवसीय आयोजन के माध्यम से लगभग एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष व्यापारिक अवसर सृजित होने की प्रबल संभावना है। इससे उदयपुर सहित पूरे मेवाड़ अंचल और राजस्थान की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल है जहां विविध औद्योगिक क्षेत्रों का तीव्र विकास हो रहा है। इवेन्शन के निदेशक पियूष खोवाल ने बताया कि उदयपुर और दक्षिणी राजस्थान के अन्य जिलों के लिए व्यापार और उद्योग के विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। आर के गुप्ता ने बताया कि राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो के दौरान कई तकनीकी सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में एक जिला एक उत्पाद आधारित व्यापारिक अवसरों, भौगोलिक संकेतक के माध्यम से उत्पादों की ब्रांडिंग, वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित जानकारी, उदयपुर में नए निवेश अवसरों और उदयपुर को फिल्म निर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। ये सत्र उद्योगों को ज्ञान, नीति और अवसरों से जोड़ने का कार्य करेंगे। बीसीआई उदयपुर के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह करीर ने कहा कि बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल लगातार विश्व स्तर पर अपनी एक मजबूत और भरोसेमंद पहचान बना रहा है। भारत के साथ-साथ यूरोप, अफ्रीका और यूएई में सक्रिय यह संगठन अब एक ग्लोबल बिजनेस नेटवर्क के रूप में उभर रहा है। देश के विभिन्न राज्यों और शहरों में नए-नए चैप्टर शुरू किए जा रहे हैं, ताकि स्थानीय व्यापारियों, उद्योगपतियों और प्रोफेशनल्स को एक साझा मंच मिल सके।

## स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पिण्डवाड़ा ब्लॉक में जिला प्रशासन एवं राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक अंबिका राणावत एवं उपखंड अधिकारी नरेन्द्र जांगिड़ का सान्निध्य रहा। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के राजेन्द्र पुरोहित, महिला अधिकारिता विभाग से अंकिता राजपुरोहित, संतोष मीणा, कृषि विभाग से पन्नालाल चौधरी, हेमराज मीणा, तहसीलदार नैनाराम मीणा, शिक्षा अधिकारी मनोजकुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।


### सौंफ उत्पादक किसानों को दी जानकारी

सिरोही. रेवदर पंचायत समिति के करेली गांव में पंच गौरव कार्यक्रम के तहत कृषक गोष्ठी लगाई गई। इसमें सौंफ उत्पादक सौ किसानों ने भाग लिया। उद्यान विभाग की ओर से डॉ. हेमराज मीना, हीरालाल, राजेन्द्रसिंह आदि ने सौंफ में लगने वाले कीट-व्याधि एवं उनके उपचार पर जानकारी दी।

# प्रेरणास्पद कहानियों से लोगों का जीवन बदलने पुन : आया उदयपुर टेल्स स्टोरी टेलिंग महोत्सव

### रोचक, रोमाचंक अनकहीं एवं अनुसनी कहानियों को सुनने का 7 वां तीन दिवसीय महोत्सव 9 से

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** जीवन में कहानियां सिर्फ सुनने के लिये नहीं होती है। जहां पहले कहानियां गिनी-चुनी होती थी लेकिन आज कहानियों ने अपना स्वरूप बदल लिया है। वे लोगों को अपनी ओर आकर्षित तो करती ही है साथ ही में वे लोगों का जीवन बदलने में भी अपनी अहम भूमिका निभा रही है। मां माय एंकर फाउण्डेशन की ओर से आयोजित किये जाने वाले 7 वां तीन दिवसीय उदयपुर टेल्स महोत्सव इस बार 9 जनवरी से शिल्पग्राम रोड़ स्थित पार्क एक्जोटिका रिसॉर्ट में आयोजित किया जायेगा। फाउण्डेशन की संस्थापक सुष्मिता सिंघा ने बताया कि कहानियां सुनने के लिये पहले दादा - दादी,नानी ही होती थी लेकिन आज कहानियां सुनाने वालों की एक लम्बी फहरिस्त हो गयी है। कारण यह है कि जहां स्टोरी टेलर्स ने पहले अपना जीवन बदला और अब वे उसी प्रेरित हो कर दूसरों का जीवचन बदलनें का प्रयास कर रहे है। इस महोत्सव में कहानियां सुनने वाले श्रोताओं को रोचक, रोमांचक, अनकहीं एवं अनसुनी देश-विदेश की कहानियां, देश-विदेश के ख्यातनाम स्टोरी टेलर व बॉलीवुड कलाकरों से सुनने का मौका मिलेगा। 9 जनवरी को उदयपुर टेल्स महोत्सव की शुरूआत प्रातः 10 बजे से बच्चों के लिये उदयपुर के ही स्टोरी टेलर विलास जानवे-किरण जानवे छोरा मेवाड़ी सबसे अगाड़ी नामक हास्य कहानी लेकर आयेंगे। इसके बाद गौरी नीलकांतन काल्पनिक कहानी जादुई बीमारी और राजेश शिंदे संगीतमय लोक कथा संकोची असुर और उल्लाल की शेरनी लेकर आयेंगे। इस दिन शाम को साढ़े पांच बजे से मयूर कलबाग की रहस्यमय कहानी अघोरी, अफ्रीकी लोकगीत आकाश के नीचे, बॉलीवुड कलाकार दिव्य निधि शर्मा समकालीन कहानी जीवन, राजित कपूर कचरे की हिफाजत और मजनू नामक व्यंग्यात्मक नाटक, संजुक्ता सिन्हा डांस कंपनी शास्त्रीय फ्यूजन नृत्य बदलती रेत की प्रस्तुति देगी। उदयपुर टेल्स महोत्सव के को-फाउंडर, सलील भण्डारी ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन की शुरूआत बच्चो के लिये शोना मल्होत्रा की हास्य कहानी कहानियों का पिटारा से होगी। मैया गनात्रा लोक-साहित्य, कहानीकार राजेश शिंदे गोपी गाइन, उपेन्द्र बाघा बाइन, किशोर रे चैधरी बंगाली लोक कहानियां प्रस्तुत करेंगे।

## सर्दी और कोहरे का कहर जारी, शीतलहर से जनजीवन अस्त-व्यस्त



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. ) ।** उपखंड सहित आसपास के क्षेत्र में बीते कई दिनों से जारी प्रचंड सर्दी और कोहरे का सितम बुधवार को भी बरकरार रहा। सुबह के समय आसमान में कोहरे की हल्की चादर तनी रही, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई। दोपहर बाद कुछ समय के लिए सूर्य देव के दर्शन हुए, लेकिन आसमान में बादल छाए रहने से ठंड से राहत नहीं मिल सकी। दिनभर शीतलहर चलती रही, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होता नजर आया। सर्दी के तेवर तेज होते ही शाम ढलते ही बाजार समय से पहले ही बंद होने लगे। कड़ाके की ठंड और बर्फ जैसी शीत हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। गलन भरी ठंड से जनमानस ठिठुरता नजर आया और लोग सर्दी से बचाव के उपायों में जुटे रहे। ठंड से बचने के लिए लोग दिनभर अलाव का सहारा लेते दिखाई दिए, वहीं सड़क, चौराहों और बाजारों में लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। तापमान में लगातार हो रही गिरावट से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई दिनों से चल रही ठंडी हवाओं और शीतलहर ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

स्थिति यह रही कि जरूरी कार्यों से घर से निकलते समय लोग पूरे शरीर को गर्म कपड़ों से ढंककर ही बाहर निकल रहे हैं। रोंगटे खड़े कर देने वाली ठंड ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है और लोग किसी तरह सर्दी से बचने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

# पुराने कुएं में गिरने से गाय की मौत, संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से निकाला बाहर

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ जिले के निकटवर्ती गांव जोरावरपुरा में एक दर्दनाक हादसे में एक बेसहारा गाय की पुराने कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स टीम हनुमानगढ़ और गौ रक्षा दल जोरावरपुरा-मोधूनगर की टीम मौके पर पहुंची और भारी मशक्कत के बाद गाय के शव को बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार, जोरावरपुरा गांव में स्थित एक पुराने और असुरक्षित कुएं में अचानक एक गाय गिर गई। जब तक ग्रामीणों को भनक लगी, तब तक गाय ने दम तोड़ दिया था।

सूचना पर श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स के जिला संगठन मंत्री पवन बरोड़ और रविन्द्र सिंह सिसोदिया और गौ रक्षा दल के कुलदीप गोस्वामी उपाध्यक्ष अपनी टीमों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने तुरंत जेसीबी मशीन बुलवाई और काफी प्रयासों के बाद मृत गाय को कुएं से बाहर निकालकर सम्मानपूर्वक मिट्टी दी।

इस मौके पर जिला संगठन मंत्री पवन बरोड़ ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में स्थित ऐसे पुराने और खुले कुएं आए दिन मूक पशुओं और बच्चों के लिए काल बन रहे हैं। ग्रामीणों और प्रशासन को मिलकर ऐसे असुरक्षित ढांचों को चिन्हित कर उन्हें ढंकना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी किसी दुखद घटना को रोका जा सके।

इस राहत कार्य में श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स और गौ रक्षा दल के सेवादार पवन बरोड़ जिला संगठन मंत्री, अजय सिंह राणा, रवींद्र सिंह सिसोदिया, कुलदीप गोस्वामी उपाध्यक्ष, संदीप गोस्वामी, सुनिल बारूपाल तहसील अध्यक्षसीताराम वर्मा उपाध्यक्ष मोधूनगर, मानी सुथार, अक्षय पंडित, अशोक स्वामी, संदीप राजपूत, इकबाल खान, आशीष खान, मुकेश सेनी, मदन दईया चाईया, सुरेंद्र दईया, मोनू पंडित, उमेद सहारण, नरेंद्र राजपूत ,मनोज दईया विजय नायक, राजेश गोस्वामी, प्रमोद धरट, सुखविंद्र धरट और ग्रामीण मौजूद रहे।

## राजकीय उपजिला अस्पताल पावटा में पौषबड़ा महोत्सव का भव्य आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. ) ।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 स्थित उपजिला अस्पताल पावटा परिसर में बने प्रसिद्ध श्री रोग हरण बालाजी मंदिर में बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव से ओत-प्रोत विशाल पौषबड़ा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन के चलते सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की निरंतर आवाजाही बनी रही और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर पुजारी राकेश यादव एवं कुलदीप मीणा द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ श्री रोग हरण बालाजी की आरती कर किया गया। इसके उपरांत भगवान को हलवा-पकौड़ी का भोग अर्पित किया गया। भोग अर्पण के बाद मंदिर परिसर में पौषबड़ा प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसादी ग्रहण की। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार बंसल ने कहा कि अस्पताल परिसर में इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन रोगियों और उनके परिजनों को मानसिक शांति के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं, जिससे उपचार के प्रति उनका विश्वास और आत्मबल बढ़ता है। डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने पौषबड़ा महोत्सव को सेवा, सहयोग और भाईचारे का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं।

## मस्जिद के बाहर रेलिंग लगाने को लेकर उपजा विवाद मामला



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** हाल ही में चौमूं में उपजे विवाद के मामले में कांग्रेस ने जांच कमेटी का गठन किया है। विवाद के बाद बनाई गई चार सदस्यीय जांच कमेटी के सदस्यों ने आज मौके पर पहुंचकर मामले की पड़ताल की। कमेटी के सदस्यों ने आसपास के लोगों से मामले को लेकर जानकारी ली। कमेटी के अध्यक्ष फुलेरा विधायक विद्याधर चौधरी को बनाया गया है। उनके साथ राजेन्द्र आर्य, एमडी चौबदार और धर्मेंद्र राठौड़ भी कमेटी में शामिल हैं। तो वही चौमूं विधायक डॉ शिखा मील बराला भी कमेटी के साथ रही। जांच कमेटी के सदस्यों ने चौमूं पहुंचकर सबसे पहले घटनास्थल का जायजा लिया और वहां मौजूद हालात की जानकारी ली। इसके बाद कमेटी ने स्थानीय लोगों, दुकानदारों और समुदाय विशेष के लोगों से बातचीत कर उनकी बातों को सुना। कमेटी विवाद की वजह, घटनाक्रम और पुलिस की भूमिका को लेकर भी जानकारी जुटा रही है। कांग्रेस जांच कमेटी द्वारा एकत्र की जा रही रिपोर्ट के आधार पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। कमेटी का कहना है कि निष्पक्ष जांच कर पार्टी नेतृत्व को पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी, ताकि उचित कदम उठाए जा सकें। मीडिया से बात करते हुए कमेटी अध्यक्ष फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी ने बताया कि अभी तक की फाइंडिंग में मामला पुलिस द्वारा प्रायोजित लगता है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट तैयार करने में अभी समय लगेगा। सभी लोगों, समाज व बिरादरी वालों से बात होगी।

## सांसद कोष से चौमूं के विजयसिंहपुरा में चारदीवारी निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रुपए की अनुशंसा

### पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जताया प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर का आभार

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने अपने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत जयपुर जिले के चौमूं



तहसील में विकास कार्य के लिए वित्तीय स्वीकृति की अनुशंसा की है। ?सांसद राठौड़ ने जिला कलेक्टर, जयपुर को पत्र लिखकर ग्राम विजयसिंहपुरा में जनहित के कार्य के लिए धनराशि आवंटित करने के निर्देश दिए हैं। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर का आभार व्यक्त किया है। ग्राम विजयसिंहपुरा से चन्दवाजी सडक़ पर आबादी भूमि की चारदीवारी (बाउंड्री वॉल) के निर्माण कार्य के लिए पन्द्रह लाख रुपए की राशि अनुशंसा की है तथा ग्राम पंचायत, विजयसिंहपुरा को कार्यकारी एजेंसी बनाया गया है। सांसद मदन राठौड़ ने अपने पत्र में जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि इस कार्य की शीघ्र समीक्षा की जाए और जल्द से जल्द तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जाए ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

## बाल विवाह व घरेलू हिंसा के खिलाफ किया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपूतली-बहरोड़ के निर्देशानुसार बुधवार को नारेहड़ा व खड़ब में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। पीएलवी संजय कुमार जोशी व बबीता जांगिड़ ने बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा व शोषण के विरुद्ध अधिनियम, श्रमिक कानूनों एवं बाल अधिकारों की जानकारी दी। शिविरों में बच्चों के संरक्षण के लिये बाल मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवायें योजना, नालसा की विभिन्न योजनाओं तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये कानूनी सेवायें योजना 2015 (एन-4) के बारे में बताया गया।

# सरुड़ धाम बालाजी मंदिर में भजनों की सरिता बही, उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतलीके सरुड़ धाम बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित विशेष सत्संग और भजन संध्या में भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दरबार में मत्था टेककर खुशहाली की कामना की।

### महामंडलेश्वर ने प्रज्वलित की अखंड ज्योत

भजन संध्या का शुभारंभ श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रतिराम दास महाराज के सानिध्य में हुआ। महाराज श्री ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अखंड ज्योत प्रज्वलित की, जिसके बाद पूरा परिसर 'जय बालाजी' के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में स्थानीय गायकों और कलाकारों ने एक से बढक़र एक शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दीं। ढोलक, मजीरे और हारमोनियम की सुमधुर थाप पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नाचने लगे। भक्ति गीतों के माध्यम से कलाकारों ने समां बांध दिया, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। सत्संग में कोटपूतली और आसपास के गांवों से आए बुजुर्ग, युवा और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम के दौरान संतों के चित्रों के समक्ष नमन कर उनके बताए मार्ग और आदर्शों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया गया। भजन संध्या के समापन पर भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद सभी उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में शांति, एकता और आपसी भाईचारे की भावना सुदृढ़ होती है।

## स्वच्छता में बेपरवाही पर प्रशासक पदमुक्त, कई अधिकारी सस्पेंड

### जिला परिषद सीईओ पर 17 सीसीए कार्यवाही प्रस्तावित

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** स्वच्छता में बेपरवाही पर जिले के कई अधिकारियों पर गाज गिरी है। सिरोही जिले में तीन प्रशासकों को पद मुक्त किया गया है। वहीं, ग्राम विकास अधिकारी व कलस्टर प्रभारी सस्पेंड किए गए हैं। सिरोही व पाली जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के विरुद्ध 17 सीसीए के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। हाल ही में पंचायतराज विभाग के अतिरिक्त आयुक्त बृजेशकुमार चंदोलिया ने पाली व सिरोही जिले में स्वच्छता मामले की जांच की थी। उनकी निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर ने कार्यवाही की है। सिरोही जिले में रेवदर ब्लॉक की पंचायत सनवाड़ा व सिरोड़ी एवं शिवगंज ब्लॉक के बागसीन में स्वच्छता अभियान के तहत बेपरवाही मिली। इस पर इन गांवों के प्रशासक कार्य मुक्त कर दिए गए।

### पदमुक्त किए प्रशासन, वीडीओ निलम्बित

पंचायतराज मंत्री ने सिरोही जिले में रेवदर ब्लॉक की पंचायत सनवाड़ा व सिरोड़ी एवं शिवगंज ब्लॉक के बागसीन तथा पाली में सोजत की पंचायत सांडिया के ग्राम विकास अधिकारी तथा पंचायत समिति सोजत के खंड विकास अधिकारी को निलंबित करने के आदेश दिए है। ग्राम पंचायत के प्रशासकों को कार्य मुक्त करने के भी आदेश दिए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के पद स्थापित ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को भी पद मुक्त कर दिया है। संबंधित कलस्टर प्रभारी को भी निलंबित किया है। सिरोही जिले में ग्राम पंचायत बगसीन एवं पंचायत समिति रेवदर की ग्राम पंचायत सिरोड़ी का भी अतिरिक्त आयुक्त ने निरीक्षण किया था।

## उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर बुधवार को नगर पालिका सभागार में ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार ने की। बैठक में समारोह को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया व विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। उपखंड अधिकारी ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह राष्ट्रीय पर्व है, इसे अनुशासन, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। बैठक के दौरान सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के संस्था प्रधानों के साथ भी चर्चा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विद्यार्थियों की सहभागिता, कार्यक्रमों की गुणवत्ता और समय प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। उपखंड अधिकारी ने मंच व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, चिकित्सा, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी एवं तहसीलदार महेश ओला, ब्लॉक सीएमएचओ डॉ नरेश पारीक, राजस्थान पटवार संघ के जिलाध्यक्ष राकेश निठारवाल, स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश कुमावत, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता श्यामसुंदर सैन, पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य भागचंद बाजिया, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्या निर्मल मान, शिक्षक भारत धींगड़ा, आर्यन मॉडल स्कूल निदेशक मल्लिका खत्री, सुभाष यादव, पंकज शर्मा, कमलेश कुमार, बहादुर सिंह, केआर बाजिया, सुधीर धायल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जोधपुर-भोपाल-जोधपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा का ढींढा रेलवे स्टेशन पर ठहराव



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स)।** समीपवर्ती ढिंढा रेलवे स्टेशन पर मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस रेलसेवा को हरी झण्डी दिखाकर किया। जानकारी देते हुए पूजा मित्तल वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर ने बताया कि रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-भोपाल-जोधपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा का ढींढा रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया गया है। जिसमें गाडी संख्या 14813, जोधपुर-भोपाल प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 07.01.26 से जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा ढींढा स्टेशन पर 16.01 बजे आगमन व 16.02 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 14814, भोपाल-जोधपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 07.01.26 से भोपाल से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा ढींढा स्टेशन पर 10.53 बजे आगमन व 10.54 बजे प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर कमल शर्मा-मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर साथ ही प्रेस मीडिया,रेल कर्मचारी गण व जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

## खण्डेलवाल समाज के रमेश गुप्ता अध्यक्ष निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री खण्डेलवाल वैश्य समाज विकास सेवा समिति करघनी गोविन्दपुरा के चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव निर्वाचन अधिकारी रामस्वरूप ताम्बी के सानिध्य में आयोजित किया गया। अध्यक्ष पद के लिए अनिल बाजरगान और रमेशचन्द्र गुप्ता के बीच सीधा मुकाबला रहा। चुनाव गोविन्दपुरा स्थित साघा मैरिज गार्डन में सम्पन्न हुए, जहाँ समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। दोनों प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं से संपर्क कर समर्थन मांगा गया। पूरे चुनाव के दौरान वातावरण सौहार्दपूर्ण रहा और समाज के लोग आपस में रामा-श्यामा करते नजर आए। मतदान सायं 4 बजे बंद हुआ। इसके पश्चात रात्रि में मतगणना की गई। निर्वाचन अधिकारी रामस्वरूप ताम्बी ने परिणाम घोषित करते हुए रमेशचन्द्र गुप्ता को 205 मतों से विजयी घोषित किया। ताम्बी ने बताया कि कुल 1612 मत डाले गए, जिनमें से रमेशचन्द्र गुप्ता को 897 मत, अनिल बाजरगान को 692 मत प्राप्त हुए, जबकि 23 मत निरस्त घोषित किए गए। विजय की घोषणा के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा रमेशचन्द्र गुप्ता को अध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र सौंपकर बधाई दी गई। परिणाम आते ही समर्थकों ने जयकारे लगाए और कार्यकर्ताओं ने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माल्यार्पण कर मिठाइयाँ वितरित की गईं। इसके बाद रमेशचन्द्र गुप्ता को जुलूस के साथ मैरिज गार्डन से उनके गोविन्दपुरा स्थित निवास तक लाया गया।

## अभिनव क्लासेज में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** कस्बे के अभिनव क्लासेज में बुधवार को सरकारी सेवा में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्थान निदेशिका मंजू वर्मा ने बताया कि हाल ही में व्याख्याता ( चित्रकला ) पद पर 1, पटवार पद पर 1 तथा राजस्थान पुलिस कांस्टेबल पद पर 3 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। चयनित प्रतिभाओं का माल्यार्पण, साफा व श्याम दुपट्टा पहनाकर तथा प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो भेंट करके सम्मान किया गया। चयनित प्रतिभाओं में कुसुमलता



सोनी व मनीष बराला उपस्थित हुए। चयनित प्रतिभाओं ने अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ सफलता के गुर साझा किए। साथ ही अभिनव परिवार की ओर से चयनित प्रतिभाओं के उज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में एम डी विजयपाल पावंडा, सुनील मीणा, गोविन्द गुर्जर, प्रशांत वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार सामरिया, सूरज सिंह, प्रमोद कुमावत, महेंद्र कुमार दायां, गिरधारी लाल सैनी, प्रमोद चौधरी, नरेन्द्र गुर्जर सहित स्टाफ सदस्य व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील मीणा द्वारा किया गया।

# कोटपूतली में जिला अधिवक्ता सम्मेलन आज

## अभिभाषक संघ की प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** नवगठित कोटपूतली-बहरोड़ जिले में पहली बार आयोजित होने जा रहे जिला अधिवक्ता सम्मेलन को लेकर बुधवार को जिला अभिभाषक संघ, कोटपूतली द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यक्रम से जुड़ी समस्त जानकारियाँ साझा करते हुए इसे जिले के अधिवक्ता इतिहास का ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होने वाला आयोजन बताया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि जिले के अधिवक्ताओं को एक मंच पर संगठित कर उनकी पहचान, सम्मान और भविष्य की दिशा तय करने वाला आयोजन है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अनुभव का सम्मान, युवा अधिवक्ताओं को मार्गदर्शन और न्यायिक व्यवस्था से जुड़े समसामयिक विषयों पर सार्थक संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट मनोज भूषण ने आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सम्मेलन में जिले के सातों उपखंडों से बड़ी संख्या में अधिवक्ता भाग लेंगे। सह-संयोजक एडवोकेट अशोक सुरेलिया ने इसे अधिवक्ता एकता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। मीडिया प्रभारी एडवोकेट मनोज चौधरी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन 8 जनवरी को प्रातः 11 बजे शरणम् पैराडाइज, कोटपूतली में आयोजित होगा। सम्मेलन में सांसद राव राजेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही विधायक हंसराज पटेल, विधायक कुलदीप धनखड़, विधायक देवीसिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि के रूप मे कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। जबकि अध्यक्षता बहरोड़ बार के अध्यक्ष दाताराम यादव एडवोकेट करेंगे सम्मेलन के दौरान वर्ष 1976 व 1987 से नामांकित वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सार्वजनिक सम्मान, अधिवक्ता संगोष्ठी, अनुभव साझा सत्र तथा सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपाध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र सिंह शेखावत, सचिव एडवोकेट मुकेश कुमार यादव एवं कोषाध्यक्ष एडवोकेट अजय सिंह तंवर उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अधिवक्ताओं से अधिकाधिक सहभागिता की अपील की।

यह जिला अधिवक्ता सम्मेलन जिले की न्यायिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रभावशाली पहल माना जा रहा है।

## विधिक

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य सुरेश कुमार सैनी पुत्र श्री सूरज मल सैनी निवासी मालीयो की पाना की ढाणी ग्राम रूण्डल जिला जयपुर के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति जो प्लाट नं. ए-2, खसरा नं. 3084/1, श्री लक्ष्मी नगर द्वितीय ए-ब्लॉक, कस्बा चौमूं, तहसील चौमूं, जिला जयपुर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 112.60 वर्गगज है जो की खातेदारी अर्जुन पुत्र श्री आनन्दा उर्फ आनन्दीलाल के नाम दर्ज है तत्थपश्चात अर्जुन पुत्र श्री आनन्दा उर्फ आनन्दीलाल से सरीता देवी पत्नि श्री अशोक कुमार ने जरिये विक्रय पत्र दिनांक 16.01.2019 खरीद की हुई है तत्थपश्चात सरीता देवी से सरोज देवी पत्नि श्री बृजमोहन मीणा ने जरिये विक्रय पत्र दिनांक 20.12. 2021 खरीद की हुई है तत्थपश्चात मेरा अभिभाष्य ने सरोज देवी से दिनांक 13.11.2025 को जरिये विक्रय पत्र द्वारा खरीद की हुई है तथा मेरा अभिभाष्य ही उपरोक्त सम्पति के मालिक व स्वामी है तथा उक्त विक्रय पत्र जो दिनांक 16.01.2019 को रजिस्टर्ड किया हुआ था जो दिनांक 29.12.2025 को कही से गुम हो चुका है तथा उक्त सम्पति पर मेरा अभिभाष्या ने India Shelter Finance Corporation Ltd., Branch Chomu से ऋण प्राप्त कर रहा है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के मालिकाना हक एवं कब्जे के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक 05.01.2026

कैलाश चन्द्र अग्रवाल (पटवारी)
एडवोकेट
राजस्थान हाई कोर्ट
मो. 09928371734, 09314141813

## सम्पादकीय

# शाहरुख निशाने पर क्यों ?

नए साल के नवचेतन माहौल में, नए संस्कारों और नई सोच के साथ यह भी कामना रही है कि ईश्वर धर्मांध लोगों को सद्बुद्धि दें। वे भी आत्ममंथन करें कि जिनका धर्म, आस्था भिन्न हैं, उनका भी अस्तित्व है। यह देश उनका भी है। संविधान उन्हें भी अधिकार और सुरक्षा देता है। यह देश सिर्फ धर्मांध लोगों का ही नहीं है। वे खुशफहमी में मत रहें। धर्मांधता से विपुल जन-समर्थन भी हासिल नहीं किया जा सकता। कौन हैं ये लोग, जो देश को धर्म के आधार पर परिभाषित करते रहते हैं? शाहरुख खान इस देश का महानायक है। उनके करोड़ों चहेते और प्रशंसक हैं। वह बॉलीवुड के सुपर स्टार हैं। हर साल करोड़ों रुपए का टैक्स सरकार को देते हैं। उस राशि से भी जन और समाज का कल्याण और विकास होता है। उन्हें सिर्फ इसलिए गालियां दी गईं, क्योंकि वह खान हैं। जिन्होंने उन्हें गद्दार कहा, देशद्रोही करार दिया, जेहादी जानवर तक कह दिया, वे कौन हैं? क्या इनसान को 'जानवर' करार दिया जा सकता है? ऐसी गालियां देने वाले कथावाचक, कथित साधु-संत और विधायक हैं। रामभद्राचार्य को 'जगद्गुरु' का सम्मान हासिल है। कई अति विशिष्ट लोगों को हमने उनके पांव छूते हुए, दंडवत देखा है। देवकीनंदन ठाकुर 'कथावाचक' हैं, लिहाजा श्रद्धालुओं का एक वर्ग उनका भी 'भक्त' है। नंदकिशोर गुर्जर भाजपा विधायक हैं या संगीत सोम भाजपा के ही पूर्व विधायक हैं। उनकी सार्वजनिक जिम्मेदारी गालियां देने की नहीं है। वे जन-सेवक हैं। एक महिला नेता ने घोषणा की कि जो शाहरुख खान की जीभ काट कर लाएगा, उसे एक लाख रुपए इनाम दिया जाएगा। ये हिंसक, नफरती और सांप्रदायिक बयान क्यों दिए गए? और उनका राजनीतिक नेतृत्व खामोश क्यों बैठा रहा? क्या शीर्ष से ही संकेत हुए थे कि ऐसे बयान दिए जाएं? आखिर शाहरुख खान ने क्या अपराध किया था? वह आईपीएल की 'केकेआर टीम' के सह-मालिक हैं। उनकी हिस्सेदारी 55 फीसदी की है, जबकि 45 फीसदी हिस्सेदारी जूही चावला एवं उनके पति जय मेहता की है। यदि 'केकेआर' के लिए एक बांग्लादेशी तेज गेंदबाज को अनुबंधित किया गया, तो कमोबेश शाहरुख ने कोई 'अंतरराष्ट्रीय अपराध' नहीं किया। बांग्लादेश भारत का 'दुश्मन देश' नहीं है। हमारे राजनयिक संबंध अब भी बरकरार हैं। वहां की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हमारे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ढाका गए। बांग्लादेश की तख्तापलट प्रधानमंत्री शेख हसीना बीते करीब डेढ़ साल से भारत की शरण और संरक्षण में सुरक्षित हैं। उनकी जवाबदेही किसकी है? भारत की अदाणी पॉवर, वीआईपी, डाबर, हीरो मोटरकॉर्प, इमामी आदि कई कंपनियां बांग्लादेश के साथ करीब 1 लाख करोड़ रुपए का निर्यात करती हैं। भारत बांग्लादेश से करीब 17,000 करोड़ रुपए का आयात भी करता है। यदि कुछ गालीबाज चेहरों और संगठनों को बांग्लादेशी, मुस्लिम क्रिकेटर के आईपीएल में खेलने पर आपत्ति है, तो सबसे पहले बीसीसीआई को कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए कि उसने बांग्ला खिलाडियों के चयन और अनुबंध पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई? पाकिस्तान के क्रिकेटरों पर ऐसी पाबंदी लागू है। शाहरुख क्या कर सकते हैं? वह तो खिलाडियों की बोली में भी शामिल नहीं होते। फिर मु_ी भर गालीबाज लोग किसी को भी गद्दार, देशद्रोही, जेहादी जानवर कैसे करार दे सकते हैं? हमारा मानना है कि ऐसी गालियां देना ही 'अपराध' है, लिहाजा गालीबाजों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### • 08 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2020 - केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बाहरी अंतरिक्ष सहयोग के लिए भारत और मंगोलिया के बीच हस्ताक्षरित समझौते को मंजूरी दी।
- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने 'भारत में ई-कॉमर्स पर बाज़ार अध्ययन महत्वपूर्ण निष्कर्ष और अवलोकन' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट जारी की। सीसीआई द्वारा भारत में ई-कॉमर्स पर बाजार अध्ययन की शुरुआत अप्रैल 2019 में की गई थी।
- टेलिकॉम कंपनी रिलायंस जियो ने वाई-फाई कॉलिंग को आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया। यह सर्विस किसी भी वाई-फाई पर और भारत में प्रत्येक जगह काम करेगी।
- 2017 - इजरायल के यरुशलम में ट्रक से हमले में कम से कम 4 सैनिकों की मौत, 15 घायल।
- 2009 - पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत ने लोकसभा चुनाव लडऩे की घोषणा की।
- कोस्टा रिका के उत्तरी क्षेत्र में 6.1 तीव्रता के भूकम्प में 15 लोगों की मौत एवं 32 अन्य घायल हुए।
- 2008 -केन्द्र सरकार ने अरुण रामनाथन को वित्तीय क्षेत्र का सचिव नियुक्त किया। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 6ठे प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- उपन्यासकार व पत्रकार मैक्डोनाल्ड फ्रेज़र का निधन।
- 2003 - श्रीलंका सरकार और लिट्टे के बीच नकोर्न पथोम (थाइलैंड) में वार्ता शुरू।
- 2001 - आइवरी कोस्ट में विद्रोह विफल, भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी वियतनाम व इंडोनेशिया की सात दिवसीय यात्रा पर वियतनाम पहुँचे, भारत-वियतनाम ने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये, घाना में जैसी रालिंग्स का दो दशक पुराना शासन समाप्त, जॉन कुफारे राष्ट्रपति बने।
- 1996 - फ्ऱांस के पूर्व राष्ट्रपति फ्ऱांस्वा मितरां का 79 वर्ष की आयु में पेरिस में देहान्त।
- 1995 - समाजवादी चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी और राम मनोहर लोहिया तथा जयप्रकाश नारायण के निकट सहयोगी रहे मधु लिमये का निधन।

## विशेष आलेख

# प्रकृति से छेड़छाड़, आपदा को निमंत्रण



विकास खितौलिया

भारत आज जिस विकास के रास्ते पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, उसी रफ्तार से वह प्रकृति से दूरी भी बना रहा है। जंगल कट रहे हैं, पहाड़ तोड़े जा रहे हैं, नदियां सूख रही हैं और हवा ज़हर बनती जा रही है। यह सब किसी एक राज्य या क्षेत्र की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है। जब जब हम प्राकृतिक से छेड़छाड़ करते है तो आपदा को निमंत्रण देना मुनासिब है। इस संदर्भ में अरावली पर्वत श्रृंखला का मुद्दा केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक, स्वास्थ्य और अस्तित्व का मुद्दा बन चुका है। इस पर्वत श्रृंखला के साथ हो रही छेड़छाड़ और देशभर में तेज़ी से होती पेड़ों की कटाई है। यह केवल पर्यावरण का सवाल नहीं है, यह आने वाली पीढियों के अस्तित्व का प्रश्न है। जब भी मनुष्य ने प्रकृति के साथ संतुलन बिगाडऩे की कोशिश की है, प्रकृति ने उसे चेतावनी दी है। बाढ़, सूखा, भूकंप, हीटवेव, प्रदूषण और महामारी ये सभी उसी चेतावनी के रूप हैं। अरावली पर्वत माला दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है, जिसकी उम्र लगभग 250 करोड़ वर्ष मानी जाती है।

जब पृथ्वी का स्वरूप आकार ले रहा था, तब से अरावली अस्तित्व में है। पहले अरावली बहुत विशाल थी लेकिन बाद में यह पहाड़ घिसते चले गए और हवा, पानी व समय और अवैध खनन माफियों ने इन्हें धीरे-धीरे काट दिया। अरावली पर्वत श्रृंखला को अक्सर राजस्थान की हीट शील्ड कहा जाता है। यह गर्म हवाओं को रोकती है, तापमान को संतुलित रखती है और धूल भरी आंधियों से बचाव करती है। यदि यह शील्ड कमजोर हुई, तो 50 डिग्री या उससे अधिक तापमान, भीषण लू और धूल के तूफान सामान्य हो जाएंगे। इतना अधिक तापमान केवल असुविधा नहीं, बल्कि मानव जीवन, खेती और जल स्रोतों के लिए घातक है। खेती प्रभावित होगी, पानी की कमी बढ़ेगी और ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर पलायन तेज़ होगा। साथ ही यह राजस्थान के थार मरुस्थल की रेत को दिल्ली, हरियाणा, अलवर, जयपुर एनसीआर तक पहुंचने से रोकती है और उत्तर भारत के पर्यावरणीय संतुलन की रीढ़ है। यह राजस्थान की लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या के लिए जल, जंगल और जीवन का आधार है। अरावली केवल पत्थरों का ढेर नहीं, बल्कि रेगिस्तान और आबादी के बीच एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच है। यदि यह कवच कमजोर हुआ या समाप्त हुआ, तो हवा में हमेशा धूल तैरती रहेगी और सांस लेना भी संघर्ष बन जाएगा।

आज मास्क हमें कोरोना महामारी की याद दिलाता है, लेकिन यदि अरावली का क्षरण यूं ही चलता रहा, तो आने वाला समय ऐसा होगा जब मास्क बीमारी से बचने के लिए नहीं, बल्कि जिंदा रहने के लिए पहनना पड़ेगा। हवा में धूल, सिलिका कण और प्रदूषण इतना अधिक होगा कि अस्थमा, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग और एलर्जी तेजी से बढ़ेंगी कि अस्पताल और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारी दबाव पड़ेगा। सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ेगा। दिल्ली और



एनसीआर पहले ही प्रदूषण की मार झेल रहे हैं, और अरावली के क्षरण से यह संकट कई गुना बढ़ सकता है। हम क्यों भूल जाते है कि पेड़ केवल ऑक्सीजन का स्रोत नहीं हैं बल्कि वे जल संरक्षण, मिट्टी की मजबूती, तापमान संतुलन और जैव विविधता के आधार हैं। जब जंगल खत्म होते हैं, तो बाढ़, सूखा और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए प्रकृति का हर संतुलन एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। उसके बावजूद अरावली को सबसे बड़ा खतरा अवैध खनन और अंधाधुंध पेड़ कटाई से ही है। यह समस्या केवल अरावली तक सीमित नहीं है। पूरे देश में विकास के नाम पर जंगल तेजी से समाप्त हो रहे हैं। सडक़ें, इमारतें, उद्योग और खनन के लिए इन सबके लिए सबसे पहले पेड़ काटे जाते हैं। हम सब अच्छी तरह से जानते है कि उनकी भरपाई केवल आंकड़ों में होती है, ज़मीन पर नहीं। वर्तमान समय में आज बहस इस बात पर हो रही है कि पहाड़ों की ऊंचाई 100 मीटर तय की जाए या नहीं। लेकिन असली सवाल यह नहीं है कि ऊंचाई कितनी हो, बल्कि यह है कि यह फैसला किसके फायदे के लिए लिया जा रहा है और किस कीमत पर। भारत जैसे देश में यह किसी से छिपा नहीं है कि संबंधित अधिकारी के पास सही समय पर पैसा पहुंच जाए तो कागजों पर 200 मीटर को 90 मीटर दिखाना असंभव नहीं है । पहाड़ों की नपाई, अनुमति और खनन सब कुछ कागज और हस्ताक्षर से तय होता है यदि यह फैसला लागू हो जाता है तो पहाड़ नहीं टूटेंगे, पेड़ नहीं काटेंगे बल्कि राजस्थान का भविष्य टूटेगा जनाब। इसी कारण सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने पर्वत श्रृंखला की संशोधित परिभाषा को लेकर दिए गए अपने ही फैसले पर अस्थायी रोक लगा दी है।

भारत एक विकासशील देश है, जहां आर्थिक विकास, रोजगार, बुनियादी ढांचे और आवास की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता। सरकार का तर्क है कि निर्माण और औद्योगिक गतिविधियां विकास के लिए जरूरी हैं और इनके बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता। यह भी सच है कि सिर्फ एक राज्य राजस्थान से अरावली की पहाडियों का खनन करने से हर साल साढ़े चार हजार करोड़ की आमदनी होती है । सरकार यह भी कहती है कि नियम, पर्यावरण प्रभाव आकलन , वृक्षारोपण और पुनर्वास योजनाएं मौजूद हैं, ताकि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना रहे। कई जगह हरित परियोजनाएं, सौर ऊर्जा और वैकल्पिक विकास मॉडल अपनाने की कोशिश भी की जा रही है। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये व्यवस्थाएं ज़मीन पर प्रभावी हैं? क्या कोई विकास का मॉडल ऐसा है जो आने वाली पीढियों को सुरक्षित भविष्य दे सके? विकास और विनाश के बीच फर्क करना अब अनिवार्य हो चुका है। विकास वह है जो प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चले, न कि उसे खत्म करके। पेड़ लगाए जा सकते हैं, लेकिन 250 करोड़ साल पुरानी पर्वत श्रृंखला दोबारा नहीं बनाई जा सकती। यदि आज हमने इसे नहीं बचाया, तो कल पछताने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

# शिक्षक- हमारे समाज को आकार देने वाले अज्ञात मूर्तिकार

*आखिरकार, शिक्षक समाज के मूर्तिकार हैं हालांकि धूप वाले स्टूडियो में रोमांटिक तरह की उत्कृष्ट कृतियों को नहीं। उनकी कार्यशाला एक भीड़-भाड़ वाली कक्षा है, उनके उपकरण धैर्य और दृढ़ता हैं।*



डॉ. विजय गर्ग

जैसे-जैसे नया साल अपने अनुष्ठानवादी आशावाद, चमकदार संकल्पों और विकास और परिवर्तन के बारे में पुनर्नवीनीकरण किए गए प्रतिज्ञानों के साथ शुरू होता है, यह उस पेशे को स्वीकार करने का एक उपयुक्त क्षण है जो हैशटैग द्वारा फैशनेबल बनने से बहुत पहले ही समाज में बदलाव ला रहा था। आखिरकार, शिक्षक समाज के मूर्तिकार हैं हालांकि धूप वाले स्टूडियो में रोमांटिक तरह की उत्कृष्ट कृतियों को नहीं। उनकी कार्यशाला एक भीड़-भाड़ वाली कक्षा है, उनके उपकरण धैर्य और दृढ़ता हैं, और उनका कच्चा माल जिज्ञासा, भ्रम, अवज्ञा, प्रतिभा और विरासत में मिले पूर्वाग्रह का अस्थिर मिश्रण है। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे प्रणालीगत विरोधाभासों में घुटनों तक खड़े होकर भविष्य को ढालेंगे, आदर्शवाद से लैस होंगे, लेकिन संस्थागत समर्थन से वंचित रहेंगे। कम से कम सिद्धांततः यह बात सर्वमान्य है कि शिक्षक राष्ट्रों के भाग्य को आकार देते हैं। इस विश्वास का प्रचार भाषणों, नीतिगत दस्तावेजों और औपचारिक समारोहों में किया जाता है। फिर भी, जब तालियां खत्म हो जाती हैं, तो वही समाज आसानी से भुलक्कड़ हो जाता है। शिक्षकों को नवाचार को प्रेरित करने का निर्देश दिया जाता है, लेकिन पुराने पाठ्यक्रमों पर सवाल उठाने से उन्हें हतोत्साहित किया जाता है। उन्हें आलोचनात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, लेकिन स्थापित आख्यानों को अशांत बनाने से बचा लिया जाता है। उन्हें कहा जाता है कि वे सीखने को व्यक्तिगत बनाएं, जबकि कक्षाओं में भीड़भाड़ और समय-सीमाएं सख्त होती हैं। जाहिर है, उत्कृष्टता का निर्माण करना आसान है - जब तक कि यह पूर्वनिर्धारित सांचों में अच्छी तरह से फिट हो जाए। आधुनिक शिक्षकों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे मल्टीटास्किंग दक्षता के चमत्कार बनें। उन्हें शिक्षक, परामर्शदाता, प्रशासक, प्रौद्योगिकीविद्, प्रेरक, मूल्यांकनकर्ता और कभी-कभी संकट प्रबंधक के बीच बारी-बारी से काम करना होगा। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे भावनात्मक बुद्धिमत्ता को पोषित करें, साथ ही चुपचाप अपने स्वयं के बर्नआउट से भी निपटें। जब कोई बच्चा लडख़ड़ाता है, तो शिक्षण विधियों पर सवाल उठाया जाता है। जब कोई बच्चा उत्कृष्टता प्राप्त करता है, तो उसे पालन-पोषण की शैली, निजी ट्यूशन और प्रेरणादायक प्रभावशाली लोगों के बीच श्रेय दिया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि शिक्षकों को सफलता की कहानियों में पृष्ठभूमि के पात्रों और असफलता की कहानियां में अग्रभूमि के संदिग्धों के रूप में महत्व दिया जाता है। जवाबदेही एक दिशा में उदारतापूर्वक प्रवाहित होती है। शिक्षकों का अवलोकन, मूल्यांकन, पुनः प्रशिक्षण और लेखापरीक्षा सराहनीय नियमितता के साथ की जाती है। इस बीच, प्रणालीगत अक्षमताओं को जांच से छूट मिलती है। नीतियों का मसौदा कक्षाओं से दूर तैयार किया जाता है; सुधारों की घोषणा बिना किसी आधार के की जाती है, तथा कार्यान्वयन में अंतराल को मामूली असुविधाएं माना जाता है। शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे रातोंरात अनुकूलन कर लें, तथा शब्दजाल और अलग-थलग आशावाद वाली कार्यशालाओं के दौरान मुस्कुराते रहें।

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### साही और साँप




कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी । एक साँप ने खुशामद पर आकर एक साही को अपने बिल में रहने की जगह दी । वह बिल एक छोटा-सा बिल था । उसमें घूमने-फिरने की काफी जगह न थी । साही के जरा हिलते ही उसके काँटे साँप के चुभते थे । साँप ने कहा, दोस्त, इस बिल में बहुत थोड़ी जगह है; दो इसमें मुश्किल से अट सकते हैं, तुम्हें बड़ी तकलीफ होती होगी?

आराम की आवाज में साही ने कहा, ऐसी हालत में जिसे रहने की दिक्कत हो उसे चला जाना चाहिए । मेरी पूछते हो, तो मैं बड़े आराम में हूँ । अगर तुम्हें आराम नहीं तो तुम जब चाहो, इस बिल को छोड़ जाओ । यह कहकर उसने अपनी रीढ़ घुमायी और सांप को अपनी सूरत निकाल लेने को छोड़ दिया । वह उन आदमियों जैसी थी जो अपने मिले हुए हिस्से से ज्यादा लेने की ताक में रहते हैं ।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# रात को सोने से पहले जीरा का पानी पीने से क्या होता है? जानिए सेवन का सही तरीका

जीरा एक ऐसा मसाला है, जिसका इस्तेमाल हर भारतीय रसोई में किया जाता है। यह न सिर्फ खाने के स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि सेहत को भी कई लाभ पहुंचाता है। इसमें विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-ई, विटामिन-बी12, कैल्शियम, आयरन, जिंक, मैंगनीज जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को कई लाभ पहुंचाते हैं। आमतौर पर, लोग जीरे का इस्तेमाल तडक़ा लगाने के लिए करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी जीरे का पानी पिया है? जी हां, जीरे के पानी का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। रोजाना रात को सोने से पहले इसका सेवन करने से शरीर की कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। तो आइए, जानते हैं रोज रात को सोने से पहले जीरे का पानी पीने के फायदों के बारे में विस्तार से - रात को सोने से पहले जीरे का पानी पीने से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। दरअसल, इसमें मौजूद पोषक तत्व पाचन क्रिया को बेहतर करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से कब्ज, गैस, अपच और एसिडिटी जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है। रात को सोने से पहले जीरे का पानी पीने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। दरअसल, इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को तेजी से बर्न करने में मदद मिलती है। इसके नियमित सेवन से धीरे-धीरे वजन कम होने लगेगा। इम्यूनिटी बूस्ट करे रात को सोने से पहले जीरे का पानी पीने से इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। दरअसल, इसमें विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं, जो इम्यूनिटी को मजबूत करने में मदद करते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
परिवार की किसी परेशानी का हल निकलने से मन को राहत मिलेगी। आप हल्का और शांत महसूस करेंगे। इसी वजह से आप अपने पर्सनल कामों पर अच्छे से ध्यान लगा पाएंगे।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिसमें परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। भगवान के भक्ति में भी आपका खूब मन लगेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। बिजनेस में यदि कुछ समस्या आपको लंबे समय से परेशान कर रही थी, तो उसके लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा करना होगा।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं। आपको बड़ों के सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा।

**सिंह**
आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा नहीं करना है। अपने यदि किसी काम को लेकर कोई जोखिम लिया था, इससे आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**कन्या**
आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको अपने मनपसंद साथी से मिलने का मौका मिलेगा और सामाजिक कार्यक्रमों से जुडक़र आप अच्छा नाम कमाएंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए छुटपुट लाभ की योजनाओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा। नौकरी में किए गए प्रयास बेहतर होंगे। धार्मिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी काम को लेकर आप यदि जल्दबाजी करेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप बिजनेस में कुछ नये कामों को शामिल करेंगे। जिससे आपको कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि आपको कोई गले से संबंधित समस्या चल रही है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको काम को लेकर जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी। आप अपने किसी सहयोगी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है और आपको किसी नई प्रॉपर्टी की प्राप्ति होगी और आप किसी निवेश को करने की भी सोचेंगे, लेकिन आप उसमें कोई बड़ा जोखिम लेने से बचें।

## अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन ने श्री गांधी गौशाला में भजन संध्या के पोस्टर का किया प्रचार



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** श्री गांधी गौशाला में आयोजित होने वाली भजन संध्या के पोस्टर का प्रचार श्री गांधी गौशाला समिति द्वारा अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों से करवाया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष राजीव जी बंसल, युवा जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गर्ग, शहर अध्यक्ष ट भगवान जी भंडारी एवं शहर युवा अध्यक्ष राजू सायवाड विशेष रूप से उपस्थित रहे। गौशाला समिति की ओर से कोषाध्यक्ष बालकिशन गर्ग, समिति सदस्य दुर्गेश गुप्ता, राजू जी खंडेलवाल एवं सुनील गुप्ता ने संगठन के जिला अध्यक्ष को कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र भी भेंट किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा श्री गांधी गौशाला, टोंक को गौमाताओं की सेवा के लिए चारे हेतु 51,000 की सहयोग राशि भेंट की गई, जिसके लिए गौशाला समिति ने संगठन का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि पिछले 42 माह से अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी एवं सदस्य निरंतर श्री गांधी गौशाला में गौसेवा कार्यों में सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं, जो समाज में सेवा एवं समर्पण का प्रेरणास्पद उदाहरण है।

## कुरेड़ी में नजर आया टाइगर, वन विभाग अलर्ट, सतर्क रहने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** जिले के खण्डार उपखंड के ग्राम पंचायत कुरेड़ी में बुधवार सुबह खेतों के पास टाइगर का मूवमेंट देखा गया, जिसके बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गांव के चारों ओर पशुओं के गायब होने और खेतों में अजीब निशान मिलने की घटनाएं बढ़ गई थीं, जिससे वन्यजीव की गतिविधियों की आशंका जताई जा रही थी।



**मोबाइल में बनाया वीडियो, वन विभाग को दी सूचना :** ग्रामीण अपनी फसल और पशुओं की सुरक्षा को लेकर खेतों पर नजर बनाए हुए थे। इसी दौरान गांव के पास अचानक टाइगर दिखाई दिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भय के बीच अपने मोबाइल से वीडियो बनाकर वन विभाग को सूचना दी।

**शुरू किया सर्च अभियान, सतर्क रहने की अपील :** सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और क्षेत्र में सर्चिंग अभियान शुरू किया। विभाग ने आसपास के गांवों को भी सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से खेतों व जंगलों की ओर अकेले न जाने की अपील की है।

**वन विभाग टीम का कहना है कि टाइगर को सुरक्षित जंगल :** की ओर भेजने के लिए ट्रैकिंग जारी है, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो और ग्रामीण सुरक्षित रह सकें। गांव में फिलहाल दहशत के साथ-साथ वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी जारी है।

## विधायक रामसहाय वर्मा ने किया अंबेडकर छात्रावास का औचक निरीक्षण, मिली अव्यवस्थाएं



बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। विधायक रामसहाय वर्मा ने बुधवार की सुबह अंबेडकर छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रावास में भारी अनियमितताएं और अव्यवस्थाएं मिलने पर विधायक ने सख्त नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान विधायक को कई छात्र अपने कमरों में पढ़ाई के बजाय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते मिले। जबकि एक छात्र धूम्रपान करते हुए मिला। हॉस्टल में सात बच्चे ही थे। उस वक्त हॉस्टल वार्डन भी मौजूद नहीं था। विधायक वर्मा ने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए संसाधन उपलब्ध कराती है। लेकिन यहाँ का माहौल शैक्षणिक न होकर चिंताजनक है। छात्रों का धूम्रपान करना और पढ़ाई के समय मोबाइल में व्यस्त रहना प्रशासन की ढिलाई को दर्शाता है। इस दौरान विधायक वर्मा ने वार्डन वासुदेव यादव और स्टाफ को डांट पिलाई। विधायक वर्मा ने मौजूद अधिकारियों को छात्रावास की व्यवस्थाओं में तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्डन को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस तरह की लापरवाही और अनुशासनहीनता दोबारा पाई गई तो कड़ी विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने छात्रों को भी समझाइश की कि वे अपना पूरा ध्यान शिक्षा और अपने भविष्य निर्माण पर लगाएं।

## जमींन में खजाना दिखाकर ठगी करने के मामले में दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जमींन में खजाना दिखाकर ठगी करने के मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। जिस पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश पारित किए है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि निवाई। जमींन में खजाना दिखाकर ठगी करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी मुकेश पुत्र तेजाराम मीणा व अभिषेक पुत्र कैलाशचन्द मीणा दोनों निवासी जयनारायण मीणा की ढाणी सीदडा निवाई को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। जिस पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश पारित किए है।

# 23 साल बाद मकर संक्रांति पर्व पर खास षटतिला एकादशी का महासंयोग

## सूर्यदेव का भी होगा मकर राशि में प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** नववर्ष—2026 का पहला बड़े पर्व मकर संक्रांति लंबे समय बाद खास रहेगा। ज्योतिषियों के मुताबिक लगभग 23 साल बाद दान पुण्य और पतंगबाजी के लिए खास मकर संक्रांति के पर्व पर षटतिला एकादशी का महासंयोग भी बनेगा। इस मौके पर दान पुण्य के लिए दिनभर शुभ दिन रहेगा। ज्योतिषियों के मुताबिक इसी दिन ग्रहों के राजा सूर्य धनु से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। ज्योतिषाचार्य पं. शिवदयाल शर्मा ( निमोदा वाले) के मुताबिक पर्व पर सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि और रवि पुष्कर जैसे तीन योग रहेंगे। संक्रांति का प्रवेश वाहन बाघ और उपवाहन अश्व रहेगा। इससे आगामी समय प्रजा के लिए बेहद फलदायी रहेगा। इसी दिन संक्रांति का पुण्य काल भी मान्य रहेगा। व्यापारिक जगत में कई नवाचार होंगे। देश की साख भी देश दुनिया में मजबूत होगी। महंगाई बढने के आसार भी रहेंगे। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश दोपहर 3.07 बजे होगा। लेकिन पुण्यकाल सुबह 8.43 बजे से शुरू हो जाएगा। 23 साल पहले पुत्रदा एकादशी का संयोग बना था। पं शर्मा के मुताबिक प्रजा में आवश्यक वस्तुओं की सुलभता बढ़ेगी। संक्रांति की जाति भूत और शरीर पर कुमकुम का लेप लगाकर पीले रंग के वस्त्र चमेली के पुष्प की माला धारण कर हाथ में शस्त्र लेकर चांदी के बर्तन में खीर का भोजन करती हुई बैठी हुई अवस्था में दिन के तीसरे भाग में प्रवेश कर रही है। हालांकि वर्ष के मध्य में मौसम और प्राकृतिक संतुलन को लेकर सावधानी जरूरी रहेगी। ज्योतिषाचार्य पं. शिवदयाल शर्मा ( शास्त्री) के मुताबिक शास्त्रानुसार 'माघे मासि दिने पुण्ये, मकरस्थे दिवाकरे' अर्थात मकर संक्रांति के दिन किया गया दान अक्षय फल देता है। यह पर्व कृषि और ऋतु परिवर्तन से भी जुड़ा हुआ है। देशभर में इस दिन को विभिन्न नामों से मनाया जाता है, उत्तर भारत में मकर संक्रांति, तमिलनाडु में पोंगल, असम में भोगाली बिहू और पंजाब में लोहड़ी (पूर्व संध्या)। यह पर्व यह संदेश देती है कि जैसे सूर्य दक्षिण से उत्तर की ओर बढ़ता है, वैसे ही मनुष्य को अज्ञान से ज्ञान की ओर बढना चाहिए। यह दिन नव आरंभ, सकारात्मक संकल्प और साधना के लिए श्रेष्ठ है।





### मकर संक्रांति पर क्या करें दान

तिल और गुड़ - तिल का दान करने से सूर्य और शनि दोष शांत होते हैं।
खिचड़ी - चावल और मूंग दाल से बनी खिचड़ी का दान ग्रह दोषों को कम करता है।
गर्म कपड़े - जरूरतमंदों को कंबल या गर्म वस्त्र देने से पुण्य फल मिलता है।
घी - गाय के शुद्ध घी का दान करियर और आर्थिक उन्नति में सहायक माना गया है।
रेवड़ी और मूंगफली - इनका दान रिश्तों में मधुरता बढ़ाता है।

## अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट को किया सम्मानित, पार्षदों व कर्मचरियों ने दी बधाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नगर पालिका में पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में नववर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट को सम्मानित किया गया। शहर अध्यक्ष नितिन जैन छाबड़ा ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट के जन्म दिवस को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में शहर अध्यक्ष नितिन जैन छाबड़ा, पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता, परसराम कुमावत, राजकुमार करनानी, पारस पहाड़ी, मदन वर्मा, संजय वर्मा, बाबूलाल सैनी, कमलेश किराड, करण सिंह राजावत, जीतपाल गुर्जर, शंकर सैनी, रामबिलास बलाई, दयाराम चौधरी, सहायक अभियंता चन्द्रप्रकाश मीणा, कनिष्ट सहायक रोडूमल सैनी, कनिष्ट अधियंता सीपी चौधरी सहित सभी पार्षदों व कर्मचारियों ने माला व साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं केक काटकर बधाई दी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह, महिला सुरक्षा व नशा मुक्ति योजनाओं की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट टोडारायसिंह अनुभासिंह के निर्देशानुसार 7 जनवरी को पीएलवी रामनिवास कुम्हार द्वारा टोडारायसिंह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मीटिंग के दौरान उपस्थितगण को बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा (आशा- जागरूकता, समर्थन, सहायता और कार्रवाई) मानक संचालन प्रक्रिया बाल विवाह से मुक्ति की ओर अग्रसर योजना प्रारम्भ की गई। जिसका उद्देश्य भारत को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है। यह अभियान नालसा द्वारा 100 दिवसीय के लिए चलाया गया जिसका उद्देश्य विभिन्न समुदायों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना है। पैरालिगल वॉलियेन्टयर ने बताया कि बाल विवाह के कारण बच्चों की पढ़ाई, कम उम्र में गर्भावस्था के कारण मातृ स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा जैसी समस्याएं पैदा होती है तथा साथ ही शोषण एवं बाल श्रम का सामना करना पड़ता है। इसलिए बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुप्रथा ही नहीं है, बल्कि बच्चों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन भी है। मीटिंग के दौरान पैरालिगल वॉलियेन्टर द्वारा नालसा एवं रालसा द्वारा संचालित विभन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अभियान नयी चेतना 4.0 प्रारम्भ किया गया है, जिसका उद्देश्य महिलाओ के खिलाफ लिंग आधारित हिंसा का उन्मूलन करना है। ताकि समाज में लिंग भेदाभाव समाप्त हो सके तथा सभी को समान अधिकार प्राप्त हो सके। रामनिवास कुम्हार ने उपस्थित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके क्षेत्र में किसी भी नागरिक वो चाहे महिला हो या पुरुष , व्यस्क हो या बच्चा के अधिकारों के हनन होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा तालुका विधि सेवा समिति अथवा नालसा हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने के लिए बताया।



## टोडारायसिंह राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का हुआ शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** राजकीय महाविद्यालय टोडारायसिंह में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। विशेष शिविर का उदघाटन प्राचार्य प्रो. राजकुमार राठी एवं एन.एस.एस. जिला समन्वयक डॉ. छोटू लाल मीणा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिला समन्वयक डॉ. सी. एल. मीणा ने अपने उद्बोधन में माय भारत पोर्टल, डिजिटल साक्षरता, सडक सुरक्षा, सायबर अपराध जैसे विषयों के प्रति स्वयंसेवकों को जागरूक किया। प्राचार्य प्रो. राजकुमार राठी ने स्वयंसेवकों को सहयोग एवं समर्पण के साथ समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी हनुमान मीणा ने सात दिवसीय विशेष शिविर की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की।



उद्घाटन सत्र के पश्चात शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवकों को विभिन्न दलों में विभाजित किया गया, जिससे आगामी सात दिनों तक संचालित होने वाली सेवा, जागरूकता एवं विकासात्मक गतिविधियों का प्रभावी कियान्वयन किया जा सके। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य नन्द किशोर शर्मा, सुनील कुमार सैनी, विकाश चौधरी, ललिता चौधरी, ललिता आसीवाल, विजय यादव तथा नरेन्द्र जीनगर, राजेश बैरवा आदि उपस्थित रहें।

### नववर्ष में एक और सौगात

## सेवानिवृत्त परिचालकों के लिए रोडवेज में स्पाय योजना लागू

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** नववर्ष में राजस्थान रोडवेज सेवानिवृत्त चालकों व परिचालकों पर खासी मेहरबान हो रही है। राजस्थान रोडवेज प्रशासन ने अब बस संचालन को सुचारू और यात्रीभार बढ़ाने के उद्देश्य से एक और अहम फैसला लिया है। स्पाय योजना के तहत रोडवेज अब सेवानिवृत परिचालकों की सेवाएं लेने जा रही है। इसके तहत प्रदेश के 34 डिपो में सेवानिवृत्त परिचालकों की संविदा पर नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (यातायात) ज्योति चौहान ने प्रत्येक डिपो में लिए जाने वाले परिचालकों की संख्या तय करते हुए आदेश जारी कर दिए हैं। योजना के अनुसार चयनित सेवानिवृत्त परिचालकों को प्रतिमाह 18 हजार रुपए का निश्चित वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही यात्रीभार के आधार पर उन्हें प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। यदि कोई परिचालक पूरे माह में 100 प्रतिशत यात्रीभार बनाए रखता है, तो उसे 4 हजार रुपए अतिरिक्त प्रोत्साहन के रूप में दिए जाएंगे। वहीं, यदि यात्रीभार 91 से 99 प्रतिशत के बीच रहता है तो संबंधित परिचालक को 2 हजार रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त दिए जाएंगे।

## तालाब की पाल से सैकड़ों संरक्षित वृक्षों की जेसीबी से अवैध कटाई, पुलिस ने दर्ज किया मामला

### संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण प्रमुख और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में लगाए गए थे वृक्ष

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** जिले की ग्राम पंचायत लांबा (वाया महेंद्रवास) स्थित तालाब की पाल पर वर्षों पूर्व लगाए गए सैकड़ों संरक्षित वृक्षों को जेसीबी मशीन से अवैध रूप से काटे जाने का गंभीर मामला सामने आया है। यह वृक्षारोपण संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तत्कालीन प्रमुख श्री एरिक सोलहेम, तत्कालीन जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में श्री कल्पतरु संस्थान द्वारा किया गया था। तालाब के किनारे बालाजी मंदिर से मोरी तक बरगद, पीपल जैसे दीर्घायु वृक्ष लगाए गए थे तथा उनकी सुरक्षा हेतु लोहे के ट्री-गार्ड लगाए गए थे। वर्षों के संरक्षण के बाद ये वृक्ष 5 से 15 फीट तक विकसित हो चुके थे। दिनांक 3 जनवरी 2025 को एक अज्ञात ठेकेदार के निर्देश पर जेसीबी मशीन से इन संरक्षित वृक्षों को काट दिया गया, ट्री-गार्ड उखाड़ दिए गए तथा हरे पेड़ों की लकड़ी मौके से उठा ली गई। ट्रीमैन ऑफ इंडिया एवं श्री कल्पतरु संस्थान के अध्यक्ष विष्णु लांबा बुधवार को संस्थान के प्रतिनिधि मंडल के साथ अपने पैतृक गांव लांबा पहुंचे। मौके पर निरीक्षण के दौरान हरे वृक्षों की बेरहमी से कटाई, उखाड़े गए ट्री-गार्ड तथा बड़ी मात्रा में कटी हुई हरित लकड़ी पाई गई। इसके पश्चात विष्णु लांबा ने जिला कलेक्टर टोंक सुश्री कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक टोंक श्री राजेश मीणा सहित उच्च अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना महेंद्रवास पुलिस द्वारा मौके का मुआयना कर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। विष्णु लांबा ने कहा यह केवल पेड़ों की कटाई नहीं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र स्तर पर हुए पर्यावरणीय प्रयास, जनभागीदारी और वर्षों की साधना पर सीधा हमला है। दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई और पुनः वृक्षारोपण अनिवार्य है। श्री कल्पतरु संस्थान की मांग है कि दोषी ठेकेदार, जेसीबी मालिक एवं संबंधित जिम्मेदारों पर कठोर आपराधिक कार्रवाई की जाए।



# टोंक डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउन्डेशन ट्रस्ट की गवर्निंग काउन्सिल की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** टोंक डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउन्डेशन ट्रस्ट, टोंक की गवर्निंग काउन्सिल की बैठक बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि डीएमएफटी की बैठक के माध्यम से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनहित से जुड़े विकास कार्यों को कराए जाने की कार्य योजना का सभी की सहमति से अनुमोदन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं पारदर्शिता से कराए जाएंगे। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने डीएमएफटी के संबंध में पीपीटी के माध्यम से जिले में उपलब्ध बजट के संबंध में बताया कि जिला टोंक में वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2025-26 में कुल 277 कार्यों की राशि 3272.81 लाख रूपये है। टोंक में पंचवर्षीय कार्य योजना वर्ष 2025-29 में कुल 2853 कार्यों की राशि 31900.03 लाख रूपये है। टोंक की डीएमएफटी वार्षिक कार्य योजना (2025-26) का स्वरूप- वर्ष 2025-26 के लिए टोंक में विकास कार्यों को दो मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया है। 1-उच्च प्राथमिकता क्षेत्र (70:)- बुनियादी ढांचा और आवश्यक सेवाएं। 2- अन्य प्राथमिकता क्षेत्र (30:)- सहायक विकास परियोजनाएं।



### ब्लॉक-वार विवरण : टोंक की 38 कार्यों की उपलब्ध राशि 249.21 लाख रूपये एवं प्रस्तावित

कार्यों की राशि 446.88 लाख रूपये, उनियारा की 20 कार्यों की उपलब्ध राशि 72.92 लाख रूपये एवं प्रस्तावित कार्यों की राशि 133.70 लाख रूपये, देवली की 45 कार्यों की उपलब्ध राशि 281.46 लाख रूपये एवं प्रस्तावित कार्यों की राशि 429.66 लाख रूपये, मालपुरा की 79 कार्यों की उपलब्ध राशि 742.15 लाख रूपये एवं प्रस्तावित कार्यों की राशि 1190.25 लाख रूपये, टोडारायसिंह की 30 कार्यों की उपलब्ध राशि 307.96 लाख रूपये एवं प्रस्तावित कार्यों की राशि 488.00 लाख रूपये, पीपलू की 58 कार्यों की उपलब्ध राशि 278.03 लाख रूपये एवं प्रस्तावित कार्यों की राशि 542.82 लाख रूपये, निवाई की 07 कार्यों की उपलब्ध राशि 25.27 लाख रूपये एवं प्रस्तावित कार्यों की राशि 41.50 लाख रूपये, वार्षिक/पंचवर्षीय कार्य योजना का उपस्थित ट्रस्टी सदस्यों द्वारा सर्वसहमति से अनुमोदन किया गया। बैठक में विधायक निवाई-पीपलू श्री रामसहाय वर्मा, पूर्व विधायक अजीत मेहता (मनोनीत सदस्य), नरेश बंसल, संत कुमार जैन, ओमप्रकाश गुप्ता (मनोनीत सदस्य), नोडल अधिकारी सीईओ परशुराम धानका, प्रभारी अधिकारी रणवीर सिंह, अधिशाषी अभियंता जिला परिषद टोंक एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सिटी पैलेस में 'अलवर टाइगर मैराथन'के द्वितीय संस्करण का उद्घोष कार्यक्रम हुआ आयोजित

## अलवर में पर्यटन एवं खेलों को बढावा देने के लिए हुए दो एमओयू

- सरिस्का टाइगर परियोजना कलैण्डर का भी हुआ विमोचन
- अलवर टाइगर मैराथन में हिस्सा लेने के लिए 25 जनवरी तक करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन



बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में बुधवार को सिटी पैलेस में 8 फरवरी 2026 को आयोजित होने जा रही 'अलवर टाइगर मैराथन' के द्वितीय संस्करण का उद्घोष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अलवर टाइगर मैराथन के ब्रांड एंबेसडर श्री रणदीप हुड्डा ने शिरकत कर बाघ एवं वन संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान अलवर में खेल एवं पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से राजस्थान पर्यटन विभाग एवं अलवर टाइगर मैराथन के आयोजक वी-शक्ति ट्रस्ट के मध्य तथा सिनर्जी स्टील एवं गौरी देवी कन्या महाविद्यालय के मध्य इंडोर बैडमिंटन कोर्ट एवं एकेडमी के लिए एमओयू हुए। इस अवसर पर अलवर टाइगर मैराथन की जर्सी व मेडल तथा सरिस्का बाघ परियोजना के कलैण्डर का विमोचन किया गया। इस दौरान विश्व प्रसिद्ध फिल्मकार श्री सुब्बैया नल्लामुथु के द्वारा निर्मित टाइगर एंथम गीत का प्रदर्शन किया गया तथा पैरा एथलीट श्री मोइन खान ने अलवर टाइगर मैराथन के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं सांसद श्री भूपेन्द्र यादव की पहल पर आयोजित पहली मैराथन में ही तमाम व्यवस्थाएं बेहतरीन रही और दिव्यांग एथलीटों के लिए भी मैराथन आयोजित कर अलवर ने इतिहास रचा है।

इसके फलस्वरूप राजस्थान पर्यटन विभाग एवं वी-शक्ति ट्रस्ट के मध्य एमओयू हुआ है। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बाबा भर्तृहरि की तपोभूमि पर अलवर टाइगर मैराथन के ब्रांड एंबेसडर रणदीप हुड्डा का अभिनन्दन करते हुए कहा कि रणदीप हुड्डा ने अभिनय के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट से जोडने एवं शिक्षा को आगे बढाने के उद्देश्य से केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव सांसद खेल उत्सव एवं 109 ई-लाइब्रेरियों की स्थापना कर निरन्तर काम कर रहे हैं। अलवर टाइगर मैराथन के ब्राण्ड एंबेसडर श्री रणदीप हुड्डा ने कहा कि टाइगर संरक्षण एवं फिटनेस को समर्पित इस मैराथन से जोडने के लिए केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव का आभार जताते हुए अलवर टाइगर मैराथन को एक विचार बताया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस मैराथन से अलवर का नाम विश्व पटल पर उभरकर सामने आएगा। साथ ही यहां की संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत, प्राकृतिक सौन्दर्य, खान-पान, वेशभूषा, बोली को विश्व में पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि अलवर में एनसीआर के एकमात्र टाइगर रिजर्व के साथ गौरवशाली इतिहास जुडा हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री श्री यादव ने अलवर सांसद खेल उत्सव एवं मैराथन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया के नारे से यूथ से जोडने का काम किया है। मंच संचालन श्री लक्ष्मीनाराण गुप्ता ने किया।

## रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर एवं 318 फील्ड हॉस्पिटल ईटाराणा आर्मी कैंट के बीच हुआ एम ओ यू



बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। '318 फील्ड हॉस्पिटल ऑफिसर कर्नल प्रांजली धूमे एवं डॉ दीपक इंटराणा से पधारे जिन्होंने रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर का अवलोकन किया। सेंटर के अवलोकन के पश्चात अलवर रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर के साथ एक उवन हस्ताक्षर किया गया जिसमें 318 फील्ड हॉस्पिटल ईटाराणा केंट अलवर के सैनिकों के लिए आवश्यकता पडने वाले रक्त को निशुल्क रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा और फील्ड हॉस्पिटल में लगने वाले रक्तदान शिविर में रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर को आमंत्रित किया जायेगा। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष के.के.खंडेलवाल, सचिव राजेश सिंघल एवं टेक्निकल सुपरवाइजर नरेंद्र सिंह व समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर पधारे कर्नल प्रांजली धूमे कमांडिंग ऑफिसर 318 फील्ड हॉस्पिटल ईटाराणा एवं डॉक्टर दीपक का संस्थान की ओर से अध्यक्ष के के खंडेलवाल एवं सचिव राजेश सिंहल ने माला व दुपट्टा पहनाकर कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पिछले दिनों दिसंबर माह में 318 फिल्ड हॉस्पिटल में रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर के साथ रक्तदान शिविर आयोजित करने पर 135 यूनिट रक्तदान किया गया जिसके लिए संस्थान की ओर से आभार पत्र देकर सम्मान किया गया और आभार व्यक्त किया गया। जानकारी रोट राजेश सिंघलसचिव रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान अलवर द्वारा दी गई।

## स्कूली बच्चों के साथ गायत्री परिवार ने किया हवन



बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। कठूमर के प्रतिष्ठित विद्यालय गैलेक्सी विद्या मंदिर जीआईएस में गायत्री परिवार अलवर के चौधरी चरणसिंह एवं मोहनलाल शर्मा द्वारा शाला के आवासीय परिसर में यज्ञ किया गया। यज्ञ में माध्यमिक एवम उच्च माध्यमिक स्तर के छात्र छात्राओं एवम स्टाफ द्वारा गायत्री मंत्र की 108 आहुतियां समर्पित की गई। ज्ञातव्य है कि यह विद्यालय गायत्री परिवार के नियम अनुशासन की अनुपालन में प्रतिवर्ष यज्ञ करवाते रहते हैं। इसी वर्ष फरवरी के प्रथम सप्ताह में 11 कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन प्रस्तावित है। शाला स्टाफ ने 25 युग निर्माण योजना पत्रिका लगवाने की संकल्प भी लिया है।

## पंचायत समिति व जिला पार्षद वार्डों से आमजन संतुष्ट-पटवारी

बढ़ता राजस्थान



बानसूर(धीरज मौर्य)। विधानसभा क्षेत्र में पंचायत समिति व जिला पार्षद वार्डों के गठन पर मन्नालाल पटवारी ने संतोष जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि वार्डों का गठन एक कुशल राजनीती के चलते हुआ है। पहली बार लोगों को एहसास हुआ है कि स्थानीय औऱ बाहरी में कितना फर्क होता। पटवारी ने कहा कि दो वर्षों में जिस तेज गति से विकास हुआ है वह पहले नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि दो साल में 2सौ करोड़ रूपये का विकास जो पहले कभी नहीं हुआ। अभी तो तीन साल बाकी हैं जिसमें कोई गाँव ऐसा नहीं रहेगा जिसमें सडक़ों का निर्माण नहीं हो। आजादी के बाद बानसूर विधानसभा क्षेत्र का नेतृत्व पहली बार वाल क्षेत्र को मिला है औऱ उसी में यह कीर्तिमान बन गया है। उन्होंने कहा कि वाल औऱ सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र को खुशहाल करने के ऐसे ही नेतृत्व की आवश्यकता थी। जिन्होंने बिना भेदभाव सभी विकास कार्य सम्पूर्ण क्षेत्र में करवाए।

## रोशनलाल सैनी कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



बानसूर(धीरज मौर्य)। विधानसभा क्षेत्र के बानसूर नगर पालिका क्षेत्र निवासी रोशनलाल सैनी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।सैनी ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा,पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत, जिलाध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर सहित कांग्रेस आलाकमान का आभार व्यक्त किया है। रोशन लाल सैनी कहा कि जितना हो सकेगा कांग्रेस पार्टी के लिए उचित मुद्दों की पुष्ट जानकारी लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आमजन तक जानकारी भिजवाई जाएगी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आमजन के साथ है औऱ रहेगी। आखिर आजादी की लड़ाई भी तो कांग्रेस ने ही लड़ी थी। फूली -फूली चुगने वाले औऱ अंग्रेजों की मुखवीरी करने वाले लोग आजकल देशभक्त बताए जा रहे हैं। हम सच्चाई को जन -जन तक पहुँचाने का प्रयास करेंगे।

## राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के सातवें दिन सडक सुरक्षा स्कूली विद्यार्थियों को दी गई सडक सुरक्षा की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत जिले में 31 जनवरी तक संचालित राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के सातवें दिन परिवहन निरीक्षक श्री रामदेवा द्वारा नेशनल एकेडमी सीनियर सैकण्डरी स्कूल विजय मंदिर रोड जटियाना में विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी देकर सडक सुरक्षा के संबंध में शपथ दिलाई गई।

## ईरान की सुलगती सड़कें और सत्ता की चुनौती

बढ़ता राजस्थान



अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)। ईरान एक बार फिर इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। साल 2022 के 'महसा अमीनी' आंदोलन के बाद अब देश में भडक़ा जनाक्रोश पहले से कहीं अधिक व्यापक और गंभीर नजर आ रहा है। देश के 31 में से 26 प्रांतों में विरोध की आग फैल चुकी है, जो स्पष्ट करता है कि यह केवल किसी एक वर्ग या मुद्दे का गुस्सा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय असंतोष है। इस बार के प्रदर्शनों की जड़ में केवल सामाजिक पाबंदियां नहीं, बल्कि देश की जर्जर हो चुकी अर्थव्यवस्था है। ईरानी मुद्रा रियाल का लगातार गिरना और आसमान छूती महंगाई ने आम नागरिक के लिए जीवन यापन दूभर कर दिया है। जब बुनियादी जरूरतें पूरी होना असंभव हो जाता है, तो जनता का डर गुस्से में बदल जाता है। अधिकारियों के खिलाफ बढ़ता यह गुस्सा दरअसल उस व्यवस्था के प्रति अविश्वास है, जो वर्षों से जारी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और आंतरिक भ्रष्टाचार का समाधान खोजने में विफल रही है। ईरान में प्रेस की स्वतंत्रता पर कड़े पहरे हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया के लिए वहां से रिपोर्टिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं है। ऐसी स्थिति में, हताहतों और गिरफ्तारियों के सटीक आंकड़े सामने नहीं आ पा रहे हैं, लेकिन सोशल मीडिया से छनकर आ रही तस्वीरें एक भयावह तस्वीर पेश कर रही हैं। दुनिया भर के मानवाधिकार संगठनों, ने इन परिस्थितियों पर चिंता जताई है। यह आंदोलन ईरान सरकार के लिए एक गंभीर चेतावनी है। इतिहास गवाह है कि जब आर्थिक तंगी और प्रशासनिक दमन एक साथ मिलते हैं, तो बदलाव की मांग को गोलियों से दबाना मुश्किल हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें इस वक्त ईरान पर टिकी हैं। क्या ईरान सरकार जनता से संवाद का रास्ता चुनेगी या दमन की नीति को और कड़ा करेगी? इसी फैसले पर न केवल ईरान, बल्कि पूरे मध्य-पूर्व की स्थिरता टिकी है।

## नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर तंत्र की जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)। नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर तंत्र की जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाहॉल में आयोजित की गई। बैठक में अब तक की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती रीना ने निर्देश दिए कि जिले में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु संबंधित विभाग एवं एजेंसियां आपसी समन्वय से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने औषधि नियंत्रक अधिकारियों को मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच करने तथा प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई पर बल दिया। बैठक में नशे में प्रयुक्त होने वाली दवाओं की उपलब्धता एवं स्टॉक की नियमित रूप से जांच को लेकर चर्चा हुई। मेडिकल दवाओं के रिकॉर्ड की आकस्मिक जांच कर अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही औषधि नियंत्रक विभाग को निर्देशित किया कि जिले के समस्त खुदरा विक्रेताओं द्वारा एनडीपीएस दवाओं की बिक्री केवल वैध पर्ची पर ही की जाए तथा पर्ची पर मोहर लगाना अनिवार्य किया जाए। सभी मेडिकल स्टोर्स को पोर्टल के माध्यम से ही दवाओं की बिक्री के लिए पाबंद किया जाए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विद्यालयों में विद्यार्थियों के नियमित बैग चेक किए जाएं तथा बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति निरंतर जागरूक किया जाए। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्रों, मेडिकल स्टोर्स एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के रिकॉर्ड के समुचित संधारण एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, औषधि नियंत्रक श्री अशोक मित्तल, सामाजिक अधिकारिता विभाग से श्री वीरेन्द्र पाल, श्री सन्नी कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गैर संचारी रोगो की रोकथाम के लिये हेल्थ स्क्रीनिंग एवं उपचार की गति बढ़ायें - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। गैर संचारी रोगो की रोकथाम के लिय हेल्थ स्क्रीनिंग और उपचार के लिये फॉलोअप को बढ़ायें। जिससें जिला इस कार्यक्रम में छटे पायदान से पहले पायदान पर आ जायें इसके लिये कमजोर सैक्टर वाले चिकित्सा अधिकारी विशेष कार्ययोजना बना कर कार्य करें। यह निर्देश जिला कलक्टर श्री अरूण कुमार हसीजा ने जिला परिषद् सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमो की समीक्षा करते हुए दिये। बैठक में उन्होंने विभागीय जिला स्तरीय अधिकारीयों को ब्लॉक आवंटन कर नियमित मोनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं आशाओं की नियमित समीक्षा करने के लिये निर्देशित किया। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने टी.बी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए सक्रीय टीबी रोगी खोज अभियान के घर - घर सर्वे कर टी.बी स्क्रीनिंग करने तथा निक्षय पोषण योजना के तहत मरीजो को शत प्रतिशत भुगतान करने तथा शत प्रतिशत टी.बी मरीजो को निक्षय मित्र के माध्यम से पोषण किट उपलब्ध करवाने के लिये निर्देशित किया। बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी ने विस्तार से टी.बी मुक्त भारत अभियान की गतिविधियों की वस्तुस्थिती को बैठक में प्रस्तुत किया।

## हरीश हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन

## हरीश हत्याकांड में साढ़े 7 घंटे से राजसमंद कलक्ट्री का घेराव, डिप्टी सीएम की दखल पर सहमति

बढ़ता राजस्थान



राजसमंद (सुरेश बागोरा)। शहर के धोइंदा से लापता युवक की हत्या होने पर आक्रोशित परिजन व सर्वसमाज के लोग बुधवार सुबह 11 बजे से लापरवाह पुलिस अफसरों पर कार्रवाई, आहत परिवार के सदस्य को नौकरी और मुआवजे पर अड़े हुए थे। दोपहर तक तीन दौर में कलक्टर अरुण कुमार हसीजा व एसपी ममता गुप्ता से वार्ता हो चुकी है। आखिरी चौथे दौर में पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी की मध्यस्थता में वार्ता हुई, जिसमें 8 लाख मुआवजा, पत्नी को संविदा नौकरी व जांच अधिकारी को एपीओ करने पर सहमति बन गई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी जिला कलक्टर से बात की। फिर शाम करीब साढ़े 6 बजे सहमति बनने पर आक्रोशित लोग धरने से उठ गए। इस दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 10 थानों को पुलिस जाब्ता तैनात रहा। कांकरोली थाना प्रभारीसरोज बैरवा ने बताया कि धोइंदा निवासी हरीश जोशी 30 दिसंबर 2025 शाम घर से लापता हो गया। कांकरोली थाने में गुमशुदगी दर्ज करते हुए पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी, मगर हरीश का मोबाइल स्वीच ऑफ हो गया। इस बीच पुलिस लगातार तलाश के प्रयास में जुटी रही, मगर हरीश के बारे में कोई पता नहीं चल पाया।हरीश जोशी का शव उदयपुर जिले के घासा थाना क्षेत्र में वाड़ा बावड़ी के कुएं में मिल गया। इस पर राजसमंद डीएसपी नेत्रपालसिंह उदयपर पहुंचे और परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम हो गया, मगर परिजन व सर्वसमाज मुआवजे की मांग पर अड़ गए। आक्रोशित लोग जिला कलक्टर को मुख्य द्वार पर आने की बात पर अड़ गए। शाम करीब पांच बजे मावली के पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी पहुंचे और तीसरी बार प्रतिनिधि मंडल कलक्टर के चैंबर में पहुंचा, जहां कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, एसपी ममता गुप्ता, एडीएम नरेश बुनकर, एएसपी महेंद्र पारीक, एसडीएम ब्रजेश गुप्ता की मौजूदगी में प्रतिनिधि मंडल की वार्ता हुई। उप मुख्यमंत्रीदीया कुमारी ने जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा से मोबाइल पर बात की। साथ ही लोगों की मांग अनुसार उचित कार्रवाई कर लोगों को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। इस तरह चौथी बार प्रतिनिधि मंडल की जिला कलक्टर से मुलाकात हुई। फिर जिला कलक्टर ने जांच अधिकारी एएसआई जलेसिंह को एपीओ करने व पुलिस लापरवाही की जांच एएसपी महेंद्र पारीक से करवाने के आदेश पर लोग शांत हो गए। इस तरह शाम करीब साढ़े छह बजे बाद लोग धरने से उठे और विवाद शांत हुआ।

वाहन चालकों व आमजन की दृष्टि जांच कर दुर्घटनाओं में कमी का लक्ष्य

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहः प्रोजेक्ट रोशनी के तहत नेत्र परीक्षण व निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान



राजसमंद (सुरेश बागोरा)। 37वें राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह के अवसर पर श्रीनाथजी उदयपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रोजेक्ट रोशनी के अंतर्गत भारत पेट्रोलियम पंप डिपो, बड़ारदा में नेत्र परीक्षण एवं निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों एवं आम नागरिकों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान कर सडक़ दुर्घटनाओं को कम करना है।कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, उप पुलिस अधीक्षक नेत्रपाल, जिला परिवहन अधिकारी राघव शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई मेहता सहित एनएचएआई के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आसपास के गांवों के नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए सडक़ सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।इसके अतिरिक्त, प्रोजेक्ट लज्जा के अंतर्गत 19 जनवरी 2026 से 23 जनवरी 2026 तक आसपास के विद्यालयों में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे। ये सत्र केवल महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए होंगे, जिनमें महिला व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विशेष फोकस रहेगा। राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह के दौरान श्रीनाथजी उदयपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर एवं रोड सेफ्टी मैराथन जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, ताकि समाज में स्वास्थ्य, सुरक्षा और जागरूकता को व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया जा सके।

# कलक्टर ने मिनी सचिवालय का किया औचक निरीक्षण

## डेढ़ घंटे के औचक निरीक्षण में गंदगी, तंबाकू सेवन और रखरखाव पर जताई कड़ी नाराजगी

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़,(नि.स.)।** जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बुधवार को मिनी सचिवालय का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था, साफ-सफाई एवं रिकॉर्ड प्रबंधन की गहन समीक्षा की। यह निरीक्षण करीब डेढ़ घंटे तक चला, जिसमें उन्होंने सचिवालय परिसर में मौजूद विभिन्न विभागों के कार्यालयों का बारीकी से अवलोकन किया। जिला कलक्टर ने एडीएम कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, कोष कार्यालय, रसद विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, आयुर्वेद विभाग, बीमा विभाग सहित एडीएम कोर्ट, एसडीएम कोर्ट और अन्य विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिनी सचिवालय परिसर के कई स्थानों पर गंदगी, कचरा एवं दीवारों पर तंबाकू के निशान पाए गए। इस पर



जिला कलक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए परिसर में तंबाकू सेवन करने वालों के विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मिनी सचिवालय की छत पर घास उगने एवं बिल्डिंग मटेरियल (कंकर-पत्थर) पड़े होने पर जिला कलक्टर ने असंतोष जताया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश मीणा को छत से घास और मलबा शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि भवन में जहां-जहां मरम्मत की आवश्यकता है, वहां तत्काल मरम्मत कराई जाए, साथ ही रंग-रोगन कराया जाए। उन्होंने टूटी खिड़कियों एवं दरवाजों की मरम्मत भी शीघ्र कराने के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने विभागीय रिकॉर्ड को दुरुस्त रखने, पुराने एवं नाकारा सामान तथा अनुपयोगी रिकॉर्ड के नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। भू-अभिलेख सहित अन्य रिकॉर्ड रूम में रखे पुराने दस्तावेजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एंटी-टर्माइट दवाई का छिडक़ाव कराने के निर्देश भी जिला कलक्टर द्वारा दिए गए। निरीक्षण के दौरान कोषाधिकारी कार्यालय का स्ट्रांग रूम साफ-सुथरा एवं अपडेट पाया गया, जिस पर जिला कलक्टर ने संतोष व्यक्त किया।

### हर माह निरीक्षण अनिवार्य

जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने अतिरिक्त जिला कलक्टर अनुराग भार्गव को निर्देश दिए कि मिनी सचिवालय का प्रत्येक माह नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि स्वच्छता, रखरखाव और प्रशासनिक अनुशासन बना रहे। जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता, अनुशासन और सुव्यवस्थित रिकॉर्ड प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दीक्षांत समारोह की तैयारियों का कुलगुरु ने लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा विश्वविद्यालय में 23 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने कृषि प्रबंध संस्थान स्थित ऑडिटोरियम, नयापुरा में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा विभिन्न समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल के आगमन, शोभायात्रा मार्ग, मंच सज्जा, सुरक्षा, प्रोटोकॉल, अतिथियों के स्वागत तथा विद्यार्थियों को पदक एवं उपाधि वितरण की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार राजपाल सिंह सहित प्रो. अनुकृति शर्मा, प्रो. ओ.पी. ऋषि, प्रो. घनश्याम शर्मा, प्रो. भवानी सिंह, प्रो. पी.सी. गुप्ता एवं एन.एल. हाड़ा उपस्थित रहे। कुलगुरु ने बताया कि राजस्थान के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े 22 जनवरी को कोटा पहुंचेंगे तथा 23 जनवरी को दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। समारोह में लगभग 60 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 81 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी। दीक्षांत भाषण प्रख्यात शिक्षाविद प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा देंगे।

## जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ने स्थाई लोक अदालत में जवाब पेश किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा जिले के झालीपुरा व बनियानी स्थित राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों को लेकर स्थाई लोक अदालत में दायर जनहित याचिका पर जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक ने जवाब प्रस्तुत किया। जवाब में बताया गया कि 8 जुलाई को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालीपुरा में एमडीएससी प्रस्ताव व जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर चार कक्षाकक्ष व बरामदे को जमींदोज करने की स्वीकृति प्राप्त कर कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे विद्यार्थियों को कोई खतरा नहीं है। वर्तमान में छात्रों को हनुमान मंदिर के टिनशेड में पढ़ाया जा रहा है तथा दो नवीन कक्षाकक्षों की स्वीकृति मिल चुकी है। विद्यालय के खेल मैदान व भूमि आवंटन को लेकर केडीए सचिव, जिला कलेक्टर व अन्य अधिकारियों को पत्र भेजे गए हैं, लेकिन अब तक भूमि आवंटन नहीं हुआ है। वहीं बनियानी विद्यालय के पुराने व जर्जर प्राथमिक भवन को जमींदोज करने की स्वीकृति भी मिल चुकी है। जलभराव व चारदीवारी की समस्या के समाधान हेतु टेंडर प्रक्रिया जारी है। याचिका अधिवक्ता लोकेश कुमार सैनी, जगदीश अरविंद व धर्मबंधु आर्य द्वारा दायर की गई थी।

## सुकेत में पायली रोड पर चाकूबाजी, युवक गंभीर घायल

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** सुकेत कस्बे के पायली रोड क्षेत्र में बुधवार शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब दो नकाबपोश



बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इस वारदात में शावेज उफऱ् साबू नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन तत्काल उपचार के लिए झालावाड़ अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। घायल युवक शावेज ने बताया कि उसे पिछले दो दिनों से आकिब नामक युवक पैसों के लेन-देन को लेकर लगातार धमकियां दे रहा था। बुधवार शाम करीब 5 बजे वह नदी की ओर से लौट रहा था, तभी बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने रास्ता रोक लिया और उसके पैर में चाकू मारकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। घायल के परिजनों ने मामले की शिकायत सुकेत थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

## महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर सुरक्षा सखियों की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा शहर में महिला एवं बाल सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने तथा पुलिस-जन सहभागिता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला अपराध अनुसंधान प्रकोष्ठ, कोटा शहर सुश्री नियति शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें शहर के सभी थाना क्षेत्रों की सुरक्षा सखियों ने भाग लिया। बैठक में सुरक्षा सखियों की भूमिका, जिम्मेदारियों और जन संवाद को बढ़ाने में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। एएसपी नियति शर्मा ने कहा कि सुरक्षा सखियां पुलिस और आमजन के बीच एक सशक्त सेतु हैं, जो महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा, जागरूकता और विश्वास का भाव उत्पन्न करती हैं। उन्होंने सुरक्षा सखियों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए संवेदनशील मामलों में त्वरित सूचना साझा करने और समाज में सकारात्मक संदेश देने पर बल दिया। सुरक्षा सखियों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए, जिन पर गंभीरता से विचार कर प्रभावी क्रियान्वयन का आश्वासन दिया गया। बैठक का समापन शहर को सुरक्षित व सहयोगात्मक बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## लायन्स क्लब कोटा साऊथ ने पाँच चरणों में 2000 से अधिक स्वेटर वितरित किए

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** लायन्स क्लब कोटा साऊथ द्वारा सेवा गतिविधियों के अंतर्गत पूरे माह जरूरतमंद बच्चों एवं नवजात शिशुओं को स्वेटर वितरण का अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 15 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ होकर मकर संक्रांति तक चलेगा। क्लब द्वारा इस सेवा कार्य के लिए लगभग सवा लाख रुपये की धनराशि निर्धारित की गई है, जिसके माध्यम से करीब 2500 स्वेटर वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक राजकीय विद्यालय नांता, रान्याखेड़ी, तुलसी विद्यालय, गोदावरी धाम, रामपुरा सैटेलाइट अस्पताल, जे.के. लोन अस्पताल तथा विभिन्न कच्ची बस्तियों में नवजात शिशुओं एवं जरूरतमंद बच्चों को पाँच चरणों में 2000 से अधिक स्वेटर वितरित किए जा चुके हैं।

## मेधावी छात्राओं के सपनों को लगे पंख, राजकीय महाविद्यालय बूंदी में 38 बालिकाओं को मिली स्कूटी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजकीय महाविद्यालय बूंदी में आज उत्साह और खुशी का माहौल रहा। कालीबाई भील मेधावी छात्रा योजना (सत्र 2023-24) के तहत द्वितीय चरण के वितरण कार्यक्रम में 38 पात्र बालिकाओं को स्कूटी वितरित की गई। यह वितरण नोडल महाविद्यालय बूंदी के माध्यम से किया गया, जिससे छात्राओं के उच्च शिक्षा के संकल्प को नई गति मिली है।



### शिक्षा को प्रोत्साहन देने का मुख्य उद्देश्य

स्कूटी जिला नोडल अधिकारी डॉ. महिमा शर्मा और योजना प्रभारी मुकेश कुमार मीणा, मुकेश कुमार बिजनोया एवं विकास मेरोठा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनके आवागमन को सुगम बनाना है। छात्राओं को टी.वी.एस. कंपनी की स्कूटियां प्रदान की गई हैं। कालीबाई भील मेधावी छात्रा योजना और देवनारायण स्कूटी योजना को मिलाकर अब तक कुल 546 स्कूटियां वितरित की जा चुकी हैं। छात्राओं को स्कूटी की चाबी और आर.सी. प्राचार्य डॉ. अनीता यादव, राहुल सक्सेना, डॉ. पूर्ण चंद उपाध्याय और डॉ. ओ.पी. शर्मा द्वारा सौंपी गई। स्कूटी की चाबी हाथ में आते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्राओं का कहना है कि अब उन्हें कॉलेज आने-जाने में सुविधा होगी और वे अपनी पढ़ाई पर और अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य और अभिभावक भी मौजूद रहे। प्राचार्या डॉ. अनीता यादव ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने का संबल प्रदान करती है।

## भारत एक मंदिर है, यह सत्य, शक्ति और भक्ति की भूमि है-उत्तम स्वामी जी महाराज



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** प्रख्यात आध्यात्मिक गुरू एवं तपस्वी संत श्री श्री 1008 उत्तम स्वामी जी महाराज ने कहा कि मन, बुद्धि और आत्मा का वास्तविक आश्रय ईश्वर है। ईश्वर मनुष्य को पद, प्रतिष्ठा और धन देता है, जिनका सदुपयोग धर्म एवं समाज के उत्थान में होना चाहिए। वे काला तालाब, चन्द्रेशल रोड स्थित सांवरिया मैरिज गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस प्रवचन कर रहे थे। महाराज जी ने कहा कि जितना विश्वास हम परिवार पर करते हैं, उतना ही ईश्वर पर भी करना चाहिए। अविश्वास ही जीवन के कष्टों का कारण है। उन्होंने कहा कि जीवात्मा का आधार परमात्मा है तथा बांके बिहारी का आश्रय लेने से ही मुक्ति संभव है। भारत को सत्य, शक्ति, भक्ति और ऋषि-मुनियों की भूमि बताते हुए उन्होंने सप्ताह में एक बार सामूहिक भोजन एवं भजन करने का आह्वान किया। पूर्व भाजपा देहात जिलाध्यक्ष मुकुट नागर ने बताया कि कथा का आयोजन विश्व कल्याण की भावना से किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालु लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, चित्तौडग़ढ़ विधायक चंद्रभान आक्या सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने किया रैन बसेरे एवं अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शीत ऋतु में जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित रैन बसेरों एवं अन्नपूर्णा रसोई की व्यवस्थाओं का जिला कलक्टर आलोक रंजन ने देर रात्रि निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने रोडवेज बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा एवं अन्नपूर्णा भोजनालय का जायजा लिया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि शीत ऋतु में जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु रैन बसेरों में समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से मात्र 8 रुपए में भरपेट भोजन प्रदान किया जा रहा है, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ रखने के आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त सहित नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में खिलाडियों की रसोई का निरीक्षण जिला कलक्टर आलोक रंजन ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय विद्यालय स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों के लिए संचालित रसोई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा को निर्देश दिए कि देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाडियों को भोजन संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिला कलक्टर ने खिलाडियों एवं छात्र-छात्राओं से संवाद किया तथा रसोई की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## आधी रात घर पहुंचे मकान मालिक के उड़े होश, किचन के एग्जॉस्ट फैन के रोशनदान में फंसा मिला चोर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में चोरी की एक कोशिश उस समय अजीबोगरीब मोड़ पर पहुंच गई, जब आधी रात को घर लौटे मकान मालिक ने किचन के एग्जॉस्ट फैन के रोशनदान में एक चोर को लटका हुआ देख लिया। नज़ारा ऐसा था कि एक पल को हंसी आई, लेकिन हालात की गंभीरता देखकर लोगों के हाथ-पांव फूल गए। प्रताप नगर प्रथम, बोरखेड़ा निवासी सुभाष कुमार पुत्र रमेशचंद अहीर (29) ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वे 3 जनवरी को पत्नी के साथ खाटूश्यामजी दर्शन के लिए गए थे। 5 जनवरी की रात करीब 12.50 बजे जब वे घर लौटे और स्कूटी की लाइट पड़ी, तो मुख्य गेट के सामने दीवार में बने किचन एग्जॉस्ट फैन के रोशनदान की जाली खुली



दिखी। उसी में एक व्यक्ति घर में घुसने का प्रयास करते हुए फंसा हुआ था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि दूसरा फरार था। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी पकड़ लिया। पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्विनी गौतम (आईपीएस) ने बताया कि प्रकरण संख्या 09/2026 में धारा 351(4), 305(ए), 62 व 3(5) बीएनएस के तहत आरोपी लालवीर सिंह उर्फ दीपु (25), निवासी गायत्री आश्रम, हाल आदर्श नगर बोरखेड़ा को 6 जनवरी को गिरफ्तार किया गया। उसे 7 जनवरी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह सहित पुलिस टीम शामिल रही।

**रावतभाटा वर्षों के इंतजार के पश्चात झालर बावड़ी बस स्टैंड तक बसों के संचालन का रास्ता साफ हुआ**

## बस स्टैंड के नवनीकरण एवं बसों को झालर बावड़ी बस स्टैंड तक चलाने की वर्षों की मांग पूरी होने पर पूर्व पार्षद मनीष गिरी ने जताई खुशी

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** राजस्थान परमाणु बिजलीघर के द्वारा सामाजिक सरोकार से बनाए गए झालर बावड़ी चारभुजा भुजा बस स्टैंड की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि कोरोना के समय से बंद पड़े बस स्टैंड को शुरू करवाने के लिए उनके द्वारा पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय में कई बार प्रयास किए गए थे जिसपर किसी ने ध्यान नही दिया था जिसके पश्चात राज्य में भजनलाल जी की एवं बेगूं विधानसभा में डॉ सुरेश धाकड़ जी के विधायक चुने जाने के बाद मनीष गिरी ने विधायक डॉ सुरेश धाकड़ को झालर बावड़ी चारभुजा




बस स्टैंड की स्थिति से अवगत करवाया एवं हजारों की संख्या में निवास कर रहे परमाणु बिजलीघर कॉलोनी,झालर बावड़ी एवं आसपास के गांव से आने जाने वाले लोगों को बसों के बस स्टैंड तक न आने से होने वाली परेशानियों से अवगत करवाया जिसके पाश्चात्त विधायक डॉ सुरेश धाकड़ ने झालर बावड़ी चारभुजा बस स्टैंड का नवनीकरण करवाकर बसों का संचालन शुरू करवाने के नगर पालिका को आदेश दिए। बुधवार प्रातः 11 बजे विधायक डॉ सुरेश धाकड़ के आदेश पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मुकेश नागर, पूर्व चेयरमैन राजकुमार वाधवा, पूर्व सरपंच कुशाल बारेशा, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष भुवनेश नागर,पूर्व पार्षद मनीष गिरी,विजय गुप्ता, सिद्धार्थ वाधवा, इरफान खान, रूप सिंह रावत, कैलाश महेश्वरी, विकास धाकड़, महेश वर्मा, राजकुमार सोलंकी बस स्टैंड पहुंचे जहां बस स्टैंड की साफ़ सफाई ,धुलाई का कार्य शुरू करवाया गया नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मुकेश नागर ने बताया कि एक दो दिन में बस स्टैंड के नवनीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। जिसके पश्चात रावतभाटा आने जाने वाली रोड वेज बसों का संचालन झालर बावड़ी चारभुजा बस स्टैंड तक शुरू हो जाएगा। झालर बावड़ी चारभुजा बस स्टैंड पुनः शुरू होने की खबर मिलते ही बस स्टैंड पर लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई सभी ने बस स्टैंड का कार्य शुरू होने पर विधायक डॉ सुरेश धाकड़ एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। पूर्व पार्षद मनीष गिरी ने बेगूं विधायक डॉ सुरेश जी धाकड़, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मुकेश नागर एवं सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया।

# मुख्यमंत्री ने डीग-कुम्हेर विधानसभा में दो वर्षों में हुए विकास कार्यों की पुस्तिका का किया विमोचन

## डीग-कुम्हेर के चहुमुखी विकास ही मेरी प्राथमिकता- डॉ शैलेश सिंह

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास में डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र में विगत दो वर्षों में कराए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों पर आधारित पुस्तिका का भव्य विमोचन किया गया। यह पुस्तिका क्षेत्र में हुए समग्र विकास की उपलब्धियों और भावी संकल्पों का सशक्त दस्तावेज है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि डीग-कुम्हेर विधानसभा प्रदेश के उन क्षेत्रों में शामिल है, जहां योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की सोच सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर आधारित है और इसी के तहत सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया गया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र विकास का नया मॉडल बनेगा। डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता से किए गए वादों को धरातल पर उतारना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा है, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है, शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर सृजित हुए हैं और पेयजल व बिजली की समस्याओं का स्थायी समाधान किया गया है। यह पुस्तिका जनता के प्रति हमारी



जवाबदेही और पारदर्शिता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्व डॉ दिगंबर सिंह ने जो डीग - कुम्हेर विधान सभा क्षेत्र के समग्र विकास का जो अभियान शुरू किया है में उन्हीं के सपने को पूरा करने के लिए पूरी जी जान से जुटा हुआ हूं। कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, सवाईमाधोपुर भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, खण्डार विधायक जितेंद्र गोठवाल, बामनवास से भाजपा प्रत्याशी रहे राजेंद्र मीणा, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा एवं करौली विधायक दर्शन गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम विकास के संकल्प के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# ग्रामीण क्षेत्रों तक और अधिक मजबूत हुई स्वास्थ्य सेवाएं

## हंस फाउंडेशन की 7 मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस को सीएमएचओ डॉ. मीणा ने दिखाई हरी झंडी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बुधवार को हंस फाउंडेशन के सहयोग से प्राप्त मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव मीणा, हंस फाउंडेशन के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सौरभ सक्सेना भी मौजूद रहे।

सीएमएचओ डॉ. मीणा ने इस दौरान कहा कि यह पहल उन ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहाँ स्थायी स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँचना चुनौती पूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को उनके गांव में ही गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

इस योजना के अंतर्गत सरमथुरा तथा बाड़ी क्षेत्र में 3-3 मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस तथा बसेड़ी क्षेत्र में 1 मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस तैनात की गई है। ये 7 यूनिट्स निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गांव-गांव जाकर आमजन का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक जांचें तथा निःशुल्क दवा वितरण करेंगी। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, बुजुर्गों, बच्चों एवं गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को इस सेवा से सीधा लाभ मिलेगा।

इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में एक चिकित्सा, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, सहयोगी स्टाफ तथा प्रशिक्षित पायलट की टीम तैनात रहेगी, जो आधुनिक उपकरणों के माध्यम से प्राथमिक उपचार, आवश्यक जांच एवं परामर्श सेवाएँ प्रदान करेगी। जरूरत पड़ने पर गंभीर मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करने की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रयास जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण आबादी को उनके घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पंचायत समिति वार्ड पुनर्गठन का विरोध, कांग्रेसियों का प्रदर्शनएसडीएम को सौंपा सूची के साथ वार्डो के पुनर्गठन को लेकर ज्ञापन

## कार्यवाही नहीं होने पर मतदान बहिष्कार की चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** पंचायत समिति के लिए ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए वार्डो के पुनर्गठन का कांग्रेस पार्टी द्वारा विरोध किया जा रहा है। पदाधिकारी का आरोप है कि पुनर्गठन भेदभावपूर्ण और निराधार रूप से हुआ है, जिसको किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन ने इसमें सुधार नहीं किया तो आगामी समय में पंचायत चुनाव के दौरान पार्टी पदाधिकारी ग्रामीणों के साथ मिलकर मतदान का बहिष्कार करेंगे। इसको लेकर एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को सौंपा गया है।

कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा की नेतृत्व में दिए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वार्ड पुनर्गठन के दौरान कहीं पर नियमों की पालना नहीं हुई है। विशेष लोगो को लाभ पहुंचाने के लिए कहीं पर वार्ड केवल 2500 से 3500 की आबादी पर बनाया गया है। जिसमे केवल एक ग्राम पंचायत शामिल हुई है तो कहीं पर 7000 से लेकर 10000 तक की आबादी पर एक वार्ड बनाया गया है। जिसमें दो, तीन पंचायत शामिल की गई है।

यही हाल जिला परिषद के वार्डों में हुआ है। कांग्रेस पार्टी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। बाड़ी पंचायत समिति के वार्डों के पुनर्गठन की मांग को लेकर पार्टी के पदाधिकारी ने ज्ञापन एसडीएम भगवत शरण त्यागी को दिया है और मांग की है कि एक बार फिर से सुधार करते हुए पुनर्गठन किया जाए। यदि प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया तो विरोध प्रदर्शन के साथ आगामी पंचायत चुनाव में हर वार्ड पर ग्रामीणों के साथ मतदान का बहिष्कार किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन के दौरान कांग्रेस के युवा बसेड़ी ब्लॉक अध्यक्ष अजय कुमार मीणा, पार्षद हरिसिंह पहाड़िया, राजकुमार भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष नईम खान, करण परमार, योगेश अग्रवाल के साथ तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बृज नगर को प्रदेश में आदर्श विधान सभा क्षेत्र बनाना हमारा संकल्प- जवाहर सिंह बेढम

## जन-भागीदारी से विकास का नया अध्याय- गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का बृजनगर में मैराथन जन-संवाद

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** सरकार का असली उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब विकास की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। बृजनगर को प्रदेश का आदर्श विधान सभा क्षेत्र बनाना हमारा संकल्प है और यह तभी संभव है, जब सरकार और जनता मिलकर विकास का रोडमैप तय करें यह बात प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने डीग जिले के बृजनगर में आयोजित नववर्ष स्नेह मिलन एवं वृहद जन-संवाद कार्यक्रम में कही। मंत्री बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और विकास कार्यों को गति देना राज्य सरकार की सर्वोच्च



प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएंगे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नववर्ष के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि बृजनगर के भविष्य को दिशा देने वाला लोक-मंथन साबित हुआ। अपने संबोधन में गृह राज्य मंत्री बेढम ने बृजनगर के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार किए गए 'विजन डॉक्यूमेंट' की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई गई है। सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल भी उपस्थित रहे। उन्होंने मंत्री बेढ़म के साथ आमजन की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि प्रशासन विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोपरि रखेगा।

समारोह की विशेषता मंत्री बेढ़म की सहज और संवादपरक कार्यशैली रही। उन्होंने प्रोटोकॉल से ऊपर उठकर वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और समाजसेवियों से आत्मीय संवाद किया।

बड़ी संख्या में उपस्थित मातृ-शक्ति, युवा, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिकों ने इस जन-संवाद की सराहना करते हुए इसे बृजनगर के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत शुरुआत बताया।

# आधा सत्र बीतने के बाद छात्राओं को साइकिल वितरण

## बालिका विद्यालय की 281 छात्राओं को बांटी गई साइकिल, चेहरों पर छाई खुशी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शिक्षा विभाग में योजनाओं का क्रियान्वयन लेट लतीफी का शिकार हो रहा है। भले ही वह योजना स्कूली छात्र-छात्राओं से जुड़ी हो या जनकल्याणकारी कार्यों से,ऐसे में आधा सत्र बीतने के बाद बुधवार को नाइंथ क्लास की छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया है। नोडल केंद्र सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला से यह साइकिल छात्राओं को दी गई तो उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। स्कूल प्रभारी रतनलाल कोली द्वारा छात्राओं को साइकिल वितरण करते समय बताया कि राज्य सरकार और शिक्षा विभाग की मनसा अनुसार छात्रों को स्कूल पैदल नहीं आना पड़े और आवागमन में आसानी हो,इसके लिए यह साइकिल वितरित की जा रही है। 281 छात्राओं को यह साइकिल दी गई है। जो सीनियर सेकेंडरी स्कूल गर्ल्स में अध्यनरत है। इस मौके पर स्कूल के अध्यापक साहब सिंह,सुरेश चंद्र शर्मा,धीरज चंसोरिया,राखी मीणा एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# सरंपच कुसुम मोहन रारह ने जताया मुख्यमंत्री एवं विधायक का आभार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** रारह-भरतपुर मार्ग पर ग्राम रारह में मिनी सचिवालय के समीप से पेट्रोल पंप से आगे की ओर सड़क के दोनों तरफ आरसीसी नाली निर्माण एवं सड़क चौड़ाईकरण का कार्य रिडकोर द्वारा शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उक्त कार्य हेतु संबंधित संवेदकों को वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं तथा जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी एवं डीग-कुम्हेर के लोकप्रिय विधायक डॉ. शैलेश सिंह के अपार सहयोग से सड़क के दोनों तरफ लगभग 4-5 मीटर चौड़ाईकरण



एवं नाली निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके लिए मैं ग्राम पंचायत रारह की ओर से मुख्यमंत्री एवं विधायक का हृदय से आभार एवं धन्यवाद आदर्श ग्राम पंचायत रारह की सरंपच श्रीमती कुसुम मोहन रारह ने व्यक्त किया। यह कार्य ग्राम रारह के समग्र विकास, यातायात सुविधा एवं जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# श्रीमद् भागवत कथा महोत्सवरू तीसरे दिन भी उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, संगीतमय कथा में झूमे श्रोता

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में पहुंचे श्रोताओं ने भक्ति भाव के साथ कथा का रसपान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक आरती तथा श्रीमद् भागवत पुराण की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ।यह कथा महोत्सव बयाना के गांव बागरैन निवासी रेडीमेड गारमेंट कारोबारी हेमंत गोयल व उनकी धर्मपत्नी की ओर से दिल्ली की



कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित राम मंदिर परिसर में आयोजित किया जा रहा है। कथा प्रवचन के दौरान पंडित ब्रजेश आचार्य ने भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण से जुड़े अनेक प्रसंगों का संगीतमय शैली में वर्णन किया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। कथा में पंडित ब्रजेश आचार्य ने कहा कि सुख और दुख जीवन के दो पहलू हैं, जो सभी के जीवन में आते हैं। व्यक्ति को न तो दुख में अत्यधिक व्याकुल होना चाहिए और न ही सुख में अति उत्साहित होकर उसका दिखावा करना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से समाज उपहास करता है। उन्होंने कहा कि अपना दुख उसी से साझा करना चाहिए, जो उसका समाधान करने में सक्षम हो। कार्यक्रम संयोजक हेमंत गोयल व सोनिया गोयल ने बताया कि यह कथा महोत्सव आगामी 12 जनवरी तक प्रतिदिन नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। कथा समारोह में गोपाल गोयल, गौरव गोयल, जितेंद्र गोयल, रमेश गोयल, राजेश गोयल, बृजेश गोयल, सुनील गोयल, कान्हा गोयल, कुमारी रिया गोयल, कुमारी खुशी गोयल, रजनी अग्रवाल, ममता अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग व महिलाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

# रिटायर्ड चिकित्सक से हुई लूट की घटना का एक सप्ताह बाद भी नहीं खुलासा

## पीड़ित चिकित्सक ने एसपी के नाम दिया सीओ महेंद्र मीणा को ज्ञापन, कार्यवाही की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की होद मोहल्ला निवासी एक रिटायर्ड चिकित्सक के साथ 29 दिसंबर को शहर के गंज दरवाजे पर दिनदहाड़े लूट की वारदात हुई थी। उक्त घटना को लेकर पीड़ित ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई लेकिन एक सप्ताह बाद भी वारदात का कोई खुलासा नहीं हो सका। पुलिस के हाथ खाली है। ऐसे में रिटायर्ड चिकित्सक द्वारा मामले में सुनवाई और कार्रवाई को लेकर एसपी से गुहार लगाई है। जिसके लिए बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार मीणा को ज्ञापन सोपा है। पीड़ित चिकित्सक डॉ सुरेश चंद्र मंगल पुत्र बद्री प्रसाद मंगल ने बताया की 29 दिसंबर को दिन में करीब तीन बजे जब वह दांतो के डॉक्टर को दिखाने जा रहे थे तो उनके हाथ से एक 20 से 22 साल का युवक जिसने चेहरे पर डाटा लगाया हुआ था हाथों से बैग को छीन कर ले गया । मामले को लेकर आयुर्वेद चिकित्सा महासंघ के जिला अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र यादव ने रोष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की घटनाओं का पुलिस तुरंत खुलासा करें।

# स्वस्थ्य रहने के लिए व्यक्ति को रखना चाहिए खानपान का विशेष ध्यान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में प्रातः आयोजित आरोग्य भारती के प्रोग्राम में संजीवन उत्तर भारत के संयोजक द्वारा स्वस्थ भारत एवं समृद्ध भारत विषय पर बोलते हुए बताया कि अगर व्यक्ति स्वस्थ है तो परिवार, समाज एवं राष्ट्र भी समृद्ध रहेगा। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए बताया कि व्यक्ति की दिनचर्या, ऋतुचर्या, जीवनशैली एवं खानपान का हमेशा ध्यान रखना चाहिये। उन्होंने आगे बताया कि जैसे विरूद्ध भोजन से दूध के साथ मूली, कटहल, खट्टी चीजें, कुल्फी नहीं खानी चाहियें, शहद और घी सब मात्रा में नहीं खाने जायें, गर्म और ठंडी चीजें भी साथ नहीं खानी चाहिये। इनसे त्वचा संबंधी रोग पैदा होते हैं। पर्यावरण हेतु प्लास्टिक की थेलियों का उपयोग नहीं करें इनके उपयोग से कैंसर जैसी व्याधियां उत्पन्न होती हैं। साथ ही बताया कि हर घर में संभव हो तो औषधियों के पौधे लगाने चाहियें जिससे कि प्राथमिक चिकित्सा घर पर संभव हो सके एवं जीवन में योग एवं व्यायाम पर जोर देना चाहिये। प्रान्तीय उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश उपाध्याय ने बतलाया कि प्रत्येक मानव को प्रकृति के साथ जीना चाहिये एवं योग द्वारा मन को केन्द्रित कर लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिये जिससे मानव शतायु हो सकता है एवं अन्तिम ध्येय लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। अन्त में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा भगवान की लीलाओं का नृत्य व गीतों द्वारा प्रदर्शन किया गया एवं प्राचार्य श्रीमति मधु शर्मा द्वारा धन्यवाद दिया गया।

द्वितीय सत्र में महिला आयाम प्रमुख डॉ. इन्दु शर्मा द्वारा धन्वतरि की वंदना एवं दीप प्रज्जवलन कर प्रारम्भ किया गया। इसमें जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष हेतु डॉ. अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष हेतु डॉ. राजकुमार शर्मा एवं डॉ. ताराचंद, महासचिव पद हेतु डॉ. अमित फौजदार, सहयोगी कुंवर सिंह, प्रचार-प्रसार प्रमुख डॉ. हरदेव तराना, डॉ. शैलेष सुपोषण, डॉ. वीरेश प्रशिक्षण प्रमुख, डॉ. सुरेश आरोग्य मित्र, सह सचिव डॉ. अमित। परम्परागत चिकित्सा प्रमुख डॉ. उत्तम रहे।

# पंच गौरव में सरसों की खेती को मिल रहा जोरदार बढ़ावा

## सरसों का उत्पादन 22 क्वि. प्रति हैक्टेयर तक करने का लक्ष्य

## राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन, तिलहन योजना से उत्पादन एवं उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन तिलहन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से भरतपुर जिले में सरसों की खेती को बड़ा प्रोत्साहन मिल रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य घरेलू तिलहन उत्पादन बढ़ाकर खाद्य तेलों के आयात पर निर्भरता कम करना तथा बेहतर बीज, कृषक सहयोग और मूल्य श्रृंखला विकास के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाना है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक राधेश्याम मीना ने बताया कि जिले में सरसों के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए योजना का सक्रियता से कार्यान्वयन किया जा रहा है। इसमें प्रमाणित



बीज वितरण, फसल प्रदर्शन, मिनीकिट वितरण तथा कृषक प्रशिक्षण जैसी प्रमुख गतिविधियां शामिल हैं। वर्ष 2025-26 में जिले के 10 हजार किसानों को सरसों की उन्नत किस्म 'राधिका' के 400 क्विंटल प्रमाणित बीज निःशुल्क वितरित किए गए। साथ ही 30 हजार मिनीकिट (प्रत्येक 2 किलोग्राम) वितरित किए गए तथा 2,500 किसानों के खेतों पर निःशुल्क फसल प्रदर्शन आयोजित किए गए। चयनित किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों पर आधारित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा जिले में सरसों की उत्पादकता को बढाने एवं कम लागत में अधिक उपज के लिए नवाचार के रूप में कार्यक्रम हाथ में लिया है इसमें जिले में सरसों का उत्पादन 22 क्वि. प्रति हैक्टेयर तक करने का लक्ष्य रखा गया है। संयुक्त निदेशक मीना ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन तिलहन योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। वर्ष 2024-25 में सरसों का क्षेत्रफल 1,30,265 हेक्टेयर था, जिसमें उत्पादकता 1960 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रही। वर्ष 2025-26 में क्षेत्रफल बढ़कर 1,38,781 हेक्टेयर हो गया है।

### तिलहन उत्पादन सुधार के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान

राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान सेवर, भरतपुर का है, जिसकी स्थापना 20 अक्टूबर 1993 को हुई। यह उन्नत प्रौद्योगिकियों और प्रजनन सामग्री के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। इसी कारण भरतपुर को 'सरसों की राजधानी' कहा जाता है। यहां विकसित उच्च उपज वाली किस्में तेल एवं खली उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ पशु आहार और मिट्टी की उर्वरता के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन तिलहन योजना से आगामी वर्षों में सरसों की उत्पादकता और किसानों की आय में और अधिक वृद्धि की उम्मीद है, जिससे भरतपुर जिला सरसों उत्पादन में देश में अग्रणी बना रहेगा।

## उत्तरायण का उल्लास, भक्ति की पतंगें-षटतिला एकादशी पर बांकेबिहारी धाम में सजेगा आस्था का आकाश

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर सूरजपोल गेट के बाहर स्थित बांकेबिहारी मन्दिर में मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की षटतिला एकादशी महोत्सव 14 जनवरी, बुधवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति, संगीत और उत्सव के रंगों से सराबोर रहेगा। बांकेबिहारी मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री माणक डाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि एकादशी के शुभ अवसर पर मंदिर पर नवीन ध्वजा फहराई जाएगी। ध्वजा प्रकल्प प्रभारी श्री महेश सिंघल के संयोजन एवं पंडित जितेंद्र दाधिच के सानिध्य में पूजित ध्वजा को ध्वजा मनोरथी परिवार रामप्रकाश-अभिषेक गर्ग द्वारा प्रात: 8.30 बजे मंदिर के मुख्य शिखर पर फहराया जाएगा। दोपहर 3.30 बजे से रामप्रकाश गर्ग परिवार के सौजन्य से भजन उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुप्रसिद्ध श्याम भजन गायक विजय मंडोरा एवं उनके साथी कलाकार मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। महोत्सव की विशेष आकर्षण यह रहेगा कि उत्तरायण होते सूर्य के स्वागत में ठाकुरजी के गर्भगृह को रंग-बिरंगी पतंगों से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे मंदिर परिसर में भक्ति, परंपरा और आनंद का अनुपम संगम देखने को मिलेगा।

## भीलवाड़ा में सजेगा हिंदू एकता का महाकुंभ

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भीलवाड़ा नगर में 25 जनवरी 2026, रविवार को एक भव्य 'विराट हिंदू सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन संजय कॉलोनी स्थित ब्राम्हणो की कुड़ी में संपन्न होगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हाल ही में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संघ के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने आयोजन की रूपरेखा तय की। बैठक में सम्मेलन को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए टोलियों का गठन किया गया तथा कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। बैठक में खुशबू शुक्ला, प्रहलाद गर्ग, निर्मल नागर, रामपाल मंत्री, अनिल पारीक, प्रहलाद त्रिपाठी, दिनेश शर्मा, ललित व्यास, धीरज अग्रवाल, रामगोपाल वैष्णव, किशन लोहार, सागर पाण्डे, विष्णु सिखवाल एवं हरदेव कुमावत सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता व दायित्ववान बंधु उपस्थित रहे। संघ के जिला प्रचार प्रमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विराट सम्मेलन हिंदू समाज की एकता, समरसता और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों का ओजस्वी उद्बोधन होगा। सम्मेलन में संघ की पिछले 100 वर्षों की राष्ट्र निर्माण यात्रा तथा आगामी शताब्दी के संकल्पों पर भी प्रकाश डाला जाएगा।

## माहेश्वरी प्रोफेशनल क्रिकेट लीग सीजन 4 का आयोजन 24 से, पोस्टर का किया विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम द्वारा सत्कार ग्रुप के सहयोग से डे नाइट प्रोफेशनल क्रिकेट लीग सीजन 4 का आयोजन आगामी 24 जनवरी से 26 जनवरी तक महावीर स्कूल ग्राउंड में दुधिया रोशनी में आयोजित किया जायेगा। इसी के तहत प्रतियोगिता लीग के पोस्टर का विमोचन प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, जिला मंत्री रमेश राठी, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, महेश सेवा समिति के सचिव राजेन्द्र कचोलिया के अतिथ्य एवं माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम के संयोजक प्रदीप लाठी, अध्यक्ष सीए सुनील सोमानी के सानिध्य में महेश छात्रावास मे किया गया। संयोजक प्रदीप लाठी ने बताया कि 12 जनवरी को आईपीएल की तर्ज पर नीलामी प्रक्रिया के जरिए 10 टीमें बनाई जाएगी। जिनमे आरआर ऑर्नमिंट, मैलाना ग्रुप, सीताराम, शुभम कोल, बृजेश बांगड़ हॉस्पिटल, बिरला बंधु ज्वेलर्स, शारदा एंटरप्राइज, एसएन, कामधेनु, आदि शामिल है। सभी मेचो का लाइव टेलिकास्ट भी किया जायेगा। टूर्नामेंट का उद्देश्य माहेश्वरी समाज के प्रोफेशनल्स को एक मंच पर लाना और खेल भावना को बढ़ावा देना है। इस टूर्नामेंट में 150 से अधिक प्रोफेशनल खिलाड़ी जिनमे उद्योगपति, सीए, एमबीए, डाक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट भाग लेंगे। आयोजन समिति में नरेश जागेटिया, नवनीत तोतला, अभिषेक बाहेती, दिनेश आगाल, प्रंशु सारडा, सोनेश काबरा शामिल हैं। इस अवसर प्रोफेशनल फोरम के कई सदस्य, टीम ऑनर उपस्थित रहे।

## विधिक सेवा समिति अध्यक्ष ने रैन बसेरे का किया अवलोकन

### बेसहारा लोगों का रैन बसेरे में करवाया दाखिला

बढ़ता राजस्थान

**निवाई /टोंक।** तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सृष्टि चौधरी ने शहर में संचालित रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरा में रह रहे मुन्ना से बात की और व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उसने अध्यक्ष चौधरी को बताया कि रैन बसेरा में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिनमें खाना, रहना व कपड़े सहित सभी चीजें उपलब्ध हैं। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सृष्टि चौधरी ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बेसहारा लोगों को रैन बसेरों में दाखिल करवाना व उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश पर विधिक सेवा समिति निवाई द्वारा बेसहारा लोगों को रैन बसेरों में दाखिल कराया और मूलभूत सुविधाओं बाबत सुनिश्चितता की गई।

# कड़ाके सर्दी में 7वें दिन भी धरने पर बैठे धरतीपुत्र

# अलाव जलाकर हुक्का पीते हुए आये नजर

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,((टी.आर सैनी)।** फसल खराबे के मुआवजे सहित अन्य मांगो को लेकर किसान महापंचायत के तत्वावधान में किसानो का धरना बुधवार को तहसील कार्यालय के बाहर सातवे दिन भी जारी रहा। कडक़ड़ाती सर्दी में धरनार्थी धरना स्थल पर अलाव जला कर हुक्का पीते हुए नजर आये। किसान महापंचायत के जिला महामंत्री कजोड़मल धाकड़ एंव तहसील अध्यक्ष भरतराज मीणा ने बताया कि 31अक्टूबर2025 को किसानो ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गड़बड़झाला सामने आने के बाद 6सूत्री मांगो पर जॉच कमेटी का गठन करके जॉच किया जाने की मांग की गई थी। इसके 18 दिन बीत जाने के बाद किसानो का एक प्रतिनिधि मण्डल उपखण्ड अधिकारी से मिले ओर ज्ञापन पर की गई कार्यवाही से अवगत करवाये जाने पर चर्चा की गई। उपखण्ड अधिकारी ने किसान प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि किसानो की मांगो पर प्रशासन गंभीरता पूर्वक विचार करके कार्यवाही में लगा हुआ है,लेकिन दो माह गुजर जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा किसानो की मांगो पर कोई ध्यान नहीं दिया जिससे मजबूरन हो कर किसानो ने आन्दोलन किया जाने की रणनीति बनाई गई।

### हल को उल्टा गाढ़ कर बैठे धरने पर

किसानो का मानना है,कि जब किसानो पर प्राकृतिक आपदा आती है,तो किसान इसके बचाव में देव स्थान पर हल को उल्टा गाढ़ करके पूजा अर्चना करते है। यहां बीमा कम्पनी द्वारा किसानो से प्रीमियम की राशि लेने के बाद भी किसानो के बीमा कवर नहीं किया गया। इतना ही नहीं किसानो की फसल खराबा होने पर कम्पनी के सर्वेयरो द्वारा किसानो से खाली फार्म पर हस्ताक्षर करके बहुत कम फसल खराबा दिखा दिया। किसानो ने ऑनलाईन पोर्टल में जाकर देखा तो पाया कि कम्पनी के सर्वेयरो ने बीमा क्लेम के फार्मो पर काट छांट की गई। किसानो का आरोप है,कि ग्रांम सेवक एंव हल्का पटवारी के हस्ताक्षर भी फर्जी किये गये है। जहां फसल क्रोप कटिंग की गई उस एरिये में सभी किसानो के खराबा समान आना चाहिए था वहां भी कर्मचारियो के चेहते किसानो के आवेदनो पर अधिक खराबा दर्ज किया गया जबकी अधिकांस किसानो के आवेदनो पर कम फसल खराबा दर्शाया गया।

### उपभोक्ता न्यायालय तक पहुँचा मामला

खेरूणा के किसान लादू लाल जाट ने बताया कि 31 दिसम्बर 2024 को उसके खाते में से 3490.87 रूपये फसल बीमा प्रीमियम के काटे गये लेकिन फसल बीमा कम्पनी द्वारा पांलिसी नम्बर नहीं दिये गये। जानकारी करने पर पाया कि उनके पास प्रीमियम राशि नहीं पहूँची दूसरी ओर बैंक वाले बता रहे कि उन्होने राशि भेज दी है। खेरूणा निवासी गणेश चौधरी ने बताया कि देई एक बैंक द्वारा 24 अगस्त 2024 को उसके खाते से 1577.32 रूपये प्रीमियम राशि के काटे गये लेकिन उसको भी पॉलिसी नम्बर नहीं मिले ऐसे कई किसान है,जिनकी प्रीमियम राशि भी काट ली गई ओर कम्पनी द्वारा उनके क्लेम के लिए पॉलिसी तक जारी नहीं की गई।

बुधवार को क्रमिक धरने पर किसान नेता कजोड़मल धाकड़, भरतराज मीणा, रामजस गुर्जर नाथड़ी, हनुमान जांगिड़ धीरपुर,नन्हेराम बैरवा करवर, शंम्भूलाल लाम्बा बरड़ा,बाबू लाल बैरवा करवर,रामावतार गुर्जर भोमपुरा,लादू लाल गुर्जर बागेड़ा, गणेश चौधरी खेरूणा, रामूलाल कीर केवट नगर,जगदीश प्रजापत नैनवां, मथुरालाल मीणा कासपुरिया, नरसीलाल नागर मानपुरा, भेरूप्रकाश नागर सहित कई गांवो के किसानो ने क्रमिक धरने पर भाग लिया।

# देवधाम जोधपुरिया केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि सर्व समाज की आस्था का केंद्र है-नरेश

### देवधाम जोधपुरिया ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

बढ़ता राजस्थान



**निवाई /टोंक।** देवधाम जोधपुरिया में भगवान श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन कियागया। समारोह में अद्वैत आश्रम हरभांवता के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर संत बालकानंदगिरी महाराज के सानिध्य में विधिवत रूप से अध्यक्ष के पद पर नरेश कुमार गुर्जर, महामंत्री रतनदीप गुर्जर एवं कोषाध्यक्ष जगदीश बोकण ने पदभार ग्रहण कर ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन की शपथ ली। इस दौरान मंत्रोच्चार एवं संतों के आशीर्वचन के बीच नई कार्यकारिणी ने देवधाम की सेवा को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। समारोह में संबोधित करते हुए अध्यक्ष नरेश गुर्जर ने कहा कि देवधाम जोधपुरिया केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सर्व समाज की आस्था एवं पहचान का केंद्र है। उन्होंने कहा कि उनकी कार्यकारणी की प्राथमिकता सभी वर्गों को साथ लेकर मंदिर का चहुंमुखी विकास कराना है, मंदिर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना एवं ट्रस्ट के कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखना रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीते विवादों को छोडकर अब विकास व समन्वय के रास्ते पर आगे बढकर विकास के कार्य किए जाएंगे। इस दौरान हजारों की संख्या में गुर्जर समाज के लोगों की उपस्थिति ने समारोह को ऐतिहासिक बना दिया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को देवस्थान विभाग अजमेर का फैसला आने के बाद बुधवार को नई कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया। इससे देवधाम जोधपुरिया में लंबे समय से बनी असमंजस की स्थिति समाप्त हुई है। समाज और श्रद्धालुओं को उम्मीद है कि नई टीम के नेतृत्व में देवधाम का विकास नई गति पकड़ेगा एवं मंदिर प्रबंधन में स्थायित्व आएगा। कार्यक्रम में विधायक रामसहाय वर्मा, शिवप्रताप हरसाणा, पूर्व प्रधान हेमराज गुर्जर दौसा, भूणाराम गुर्जर चाकसू, पूर्व महामंत्री सवाईभोज गुर्जर, रामधन गुर्जर, श्योजीराम गुर्जर, अम्बालाल छोरिया, सुरेश कसाणा, श्रवण सेदरिया, हंसराज कसाणा व सीताराम गुर्जर सहित समाज के कई वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं संत मौजूद थे।

## मेहनत की उड़ान, सपनों की पहचान-बालाजी अकादमी की चारुल छिपा बनी जिले की शान

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर शहर के बालाजी अकादमी स्कूल की कक्षा 9वीं की छात्रा चारुल छिपा ने 8वीं बोर्ड परीक्षा में 97.33 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय, परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। इसी उत्कृष्ट उपलब्धि के चलते चारुल को पद्मशी पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है इस गौरवपूर्ण अवसर पर बुधवार को विद्यालय प्रांगण में चारुल के सम्मान में सह-अभिभावक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा छात्रा का माला एवं साफा पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।विद्यालय के निर्देशक संजय चौहान ने चारुल की इस सफलता का श्रेय उसके अनुशासन, निरंतर परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि बालाजी अकादमी स्कूल भविष्य में भी बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम देकर शिक्षा क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगा इस अवसर पर चारुल के पिता चंद्रशेखर (प्राध्यापक) ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है।कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका डिम्पल वैष्णव द्वारा किया गया।

## डेनिम फैक्ट्री में दो श्रमिकों की संदिग्ध मौत, मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में बुधवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। रायला थाना क्षेत्र के रायसिंहपुरा स्थित सीताराम डेनिम फैक्ट्री में काम कर रहे दो श्रमिकों की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया और महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी के बाहर गुर्जर समाज एवं गाडरी समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। हालात को देखते हुए चार थानों का भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। जानकारी के अनुसार आसींद निवासी गजानंद गाडरी एवं नानोडी निवासी कमलेश गुर्जर फैक्ट्री में कार्य के दौरान अचानक अचेत हो गए। दोनों को तत्काल भीलवाड़ा स्थित महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर फैक्ट्री के बॉयलर से जहरीली गैस के रिसाव को मौत का संभावित कारण माना जा रहा है। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में हडक़ंप मच गया। वहीं परिजनों और ग्रामीणों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि फैक्ट्री में बॉयलर संचालन के लिए प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं की गई थी, जिसके चलते सामान्य मजदूरों से ही बॉयलर चलवाया जाता था। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे पहले भी फैक्ट्री में करंट लगने की घटनाएं हो चुकी हैं तथा गैस के कारण मजदूरों को सांस लेने में दिक्कत होती रही है। मौत की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल और फैक्ट्री के बाहर एकत्र हो गए। मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन के दौरान दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीडि़त परिवारों को मुआवजा देने की मांग की गई। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संविधान की गरिमा, संस्कृति की खुशबू और विकास की झलक-गणतंत्र दिवस बनेगा लोकतंत्र का उत्सव

### ब्यावर में गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक, कलेक्टर कमल राम मीना ने दिए स्पष्ट दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं भावनात्मक रूप से प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह के प्रत्येक पहलू पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को समन्वय एवं समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए जिला कलेक्टर मीना ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति सम्मान व्यक्त करने का पर्व है। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, एनसीसी कैडेट्स की अनुशासित परेड तथा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के विशेष म्यूजिकल कार्यक्रम आयोजन को भावनात्मक ऊंचाई प्रदान करेंगे उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत झांकियों के माध्यम से जिले में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, नवाचारों और प्रशासनिक उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से आमजन के समक्ष प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे नागरिकों में जागरूकता और गर्व की भावना सुदृढ़ हो जिला कलेक्टर ने भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है।

संविधान देश की विविधता में एकता का आधार है और प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है बैठक में सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, ध्वजारोहण, मंच एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समुचित समन्वय, साथ ही आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखण्ड अधिकारी, जिला एवं नगर परिषद के अधिकारी, शिक्षा, चिकित्सा, रसद, परिवहन, विद्युत, जलदाय, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### धाकड़ समाज की टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में उमड़ा खेल उत्साह

# पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** बजरंग क्रिकेट क्लब जमालखेड़ा, नरसिंहगढ़ के तत्वावधान में धाकड़ समाज द्वारा आयोजित टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 1 जनवरी से 12 जनवरी तक भव्य रूप से किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता के छठे दिन मंगलवार को आयोजित रोमांचक मुकाबलों में राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि उदयलाल आंजना ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी टीमों के खिलाडियों की खेल प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा युवाओं से खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर आयोजित मंचासिन समारोह की अध्यक्षता क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष गोपाल आंजना ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डोरिया सरपंच रमेश धाकड़, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गुलाब धाकड़ एवं निर्भयराम धाकड़ उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे युवाओं को सकारात्मक दिशा देने वाला प्रयास बताया। आयोजन समिति द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में नीमच, जावद, निंबाहेड़ा, छोटीसादड़ी, बड़ी सादड़ी, भदेसर, चित्तौडग़ढ़ एवं बेगूं सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से आई टीमों द्वारा भाग लिया जा रहा है, जिससे प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक बना हुआ है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचासिन मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना का क्रिकेट आयोजन समिति की ओर से सरपंच हीरालाल भील, पुष्कर धाकड़, प्यारचंद धाकड़, सत्यनारायण धाकड़, ओम धाकड़, रंगलाल धाकड़, रामपाल धाकड़, पारस धाकड़, सुनील धाकड़, लोकेश धाकड़,अर्जुन टांक, कमलेश धाकड़, प्रभुलाल धाकड़, सीताराम धाकड़,सहित अन्य पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने माल्यार्पण व साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रतियोगिता स्थल पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने खिलाडियों का उत्साह बढ़ाते हुए मैचों का आनंद लिया।

# फ्लाइट में बच्चे की तबीयत बिगड़ी, इंदौर में इमरजेंसी लैंडिंग

**अस्पताल पहुंचाने से पहले मौत; जयपुर से बेंगलुरु जा रहा था विमान**

बढ़ता राजस्थान

**इंदौर।** इंदौर में जयपुर से बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में सवार एक साल के बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बच्चे को सांस लेने में गंभीर परेशानी हो रही थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX1240 मंगलवार को जयपुर से शाम 5:30 बजे रवाना होकर रात 8:10 बजे बेंगलुरु पहुंचने वाली थी। यात्रा के दौरान विमान में सवार एक साल के बच्चे को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिसकी सूचना परिजनों ने तुरंत एयर होस्टेस को दी। स्थिति गंभीर होने पर पायलट ने नजदीकी एयरपोर्ट इंदौर से शाम करीब 7:20 बजे संपर्क किया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को इंदौर एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति दी और एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। इलाज के लिए एयरोब्रिज पर ही डॉक्टरों की टीम तैनात कर दी गई। शाम 7:50 बजे विमान के लैंड करते ही बच्चे को तुरंत बाहर लाया गया। विमान में मौजूद एक डॉक्टर पहले से ही बच्चे को सीपीआर दे रहे थे। इंदौर एयरपोर्ट पर मौजूद डॉक्टरों ने भी लगातार सीपीआर देते हुए बच्चे को एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे डॉल्फिन हॉस्पिटल रेफर किया गया।

# रणदीप हुड्डा बोले- सबनै रामराम,हवा में प्रणाम

**केंद्रीय मंत्री बोले-मंगलासर झील व मानसरोवर को भी रामसर का दर्जा दिलाएंगे,टाइगर मैराथन का ट्यूरिज्म से एमओयू, सरिस्का एनसीआर का एक मात्र टाइगर**

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अलवर में 8 फरवरी को होने वाली इंटरनेशनल टाइगर मैराथन को लेकर बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव हेलिकॉप्टर से अलवर पहुंचे हैं। हुड्डा टाइगर मैराथन के ब्रांड एंबेसडर भी है। अलवर के सिटी पैलेस में प्रोग्राम को संबोधित करते हुए हुड्डा ने कहा कि सबनै रामराम,हवा में प्रणाम। इसके बाद उन्होंने कहा कि ये गर्व का क्षण है कि इंटरनेशनल मैराथन का प्री-इवेंट बहुत शानदार है। टाइगर कंजर्वेशन को लेकर यह पहली मैराथन है। सरिस्का टाइगर रिजर्व एनसीआर का एक मात्र टाइगर रिजर्व है। यहां आमजन को फिटनेस की प्रेरणा मिलेगी और बाघ का संरक्षण भी होगा मैराथन में दक्षिण अफ्रीका,केन्या, इथोपिया सहित कई देशों के धावक शामिल होंगे। अब अलवर इंटरनेशनल मैप पर आएगा। इस मैराथन का उद्देश्य टाइगर को बचाना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करना है। इसमें करीब 25 हजार से ज्यादा युवा, बच्चे और बड़े भाग लेंगे। इसके अलावा विदेशी मेहमान भी बड़ी संख्या में आएंगे। इस कार्यक्रम में रन फॉर द टाइगर्स, स्टैंड फॉर द फॉरेस्ट वीडियो दिखाई गई।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा की मंगलासर झील व मानसरोवर को रामसर का दर्जा दिलाएंगे,सरिस्का बाघ अभ्यारण हिंदुस्तान का एक मात्र टाइगर जॉन होगा जहां तीन-तीन रामसर साइट में सफारी होगी। इसके अलावा टाइगर मैराथन व ट्यूरिज्म का एमओयू भी किया।

# कर्नाटक में हिरासत के दौरान बीजेपी महिला कार्यकर्ता से मारपीट

**आरोप- कपड़े फाड़े; पुलिस बोली- सब-इंस्पेक्टर को काटा, 3-4 पुलिसकर्मी घायल**

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हुब्बली शहर में मंगलवार को पुलिस हिरासत के दौरान एक भाजपा महिला कार्यकर्ता से मारपीट का मामला सामने आया। महिला ने कपड़े फाड़े जाने का भी आरोप लगाया है। बीजेपी कार्यकर्ता को कांग्रेस पार्षद की शिकायत पर हिरासत में लिया गया था। घटना का एक वीडियो सामने आया है। पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। घटना से जुड़ा वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला कार्यकर्ता को बस के अंदर पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों से घिरा देखा जा सकता है। आरोप है कि हिरासत के दौरान महिला ने पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताई और विरोध किया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके कपड़े भी फट गए।

# स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता की नई इबारत

**भारत ने पार किया 50 हज़ार एनक्यूएएस प्रमाणन का ऐतिहासिक पड़ाव**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। देश भर में अब तक 50,373 सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणित किया जा चुका है। यह उपलब्धि भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र में गुणवत्ता, सुरक्षा और रोगी-केंद्रित देखभाल को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम मील का पत्थर मानी जा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्थापित एनक्यूएएस फ्रेमवर्क के अंतर्गत यह लक्ष्य 31 दिसंबर 2025 तक देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हासिल किया गया। यह उपलब्धि केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि उस बदलाव की कहानी है जो आज देश के ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में साफ दिखाई दे रहा है।

### 10 अस्पतालों से 50 हज़ार तक का सफर

एनक्यूएएस की शुरुआत वर्ष 2015 में मात्र 10 जिला अस्पतालों के साथ हुई थी। इसका उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करना था। समय के साथ इस पहल का विस्तार उप-जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरङ्कप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप-स्वास्थ्य केंद्रों तक किया गया, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता हर स्तर पर सुदृढ़ हो सके।

गुणवत्ता प्रमाणन की इस तेज़ प्रगति में वर्चुअल असेसमेंट की अहम भूमिका रही। दिसंबर 2023 में जहाँ केवल 6,506 स्वास्थ्य संस्थान एनक्यूएएस प्रमाणित थे, वहीं दिसंबर 2024 में यह संख्या बढ़कर 22,786 हो गई। इसके बाद महज़ एक वर्ष में यह आँकड़ा 50,373 तक पहुँच गया। इनमें 48,663 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 1,710 माध्यमिक स्तर के अस्पताल शामिल हैं। यह उपलब्धि भारत की सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की प्रतिबद्धता को भी मज़बूती प्रदान करती है, जिसका लक्ष्य हर नागरिक को बिना आर्थिक बोझ के सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के तहत क्षमता निर्माण, डिजिटल नवाचार, प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या में वृद्धि और सतत गुणवत्ता सुधार जैसे बहुआयामी प्रयासों से यह संभव हो सका है।



# घने कोहरे के बीच जारी है आर्मी डे परेड प्रैक्टिस

**हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा होगी, ऑपरेशन सिंदूर में तबाही मचाने वाले ब्रह्मोस मिसाइल भी शामिल**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में पहली बार आयोजित हो रहे आर्मी डे परेड की प्रैक्टिस चल रही है। घने कोहरे और सर्दी के बीच सेना का मार्च लोगों को रोमांचित कर रहा है। प्रैक्टिस में लड़ाकू विमानों की फ्लाई-पास्ट, सैन्य टुकड़ियों का मार्च, टैंक, मिसाइल, ड्रोन तकनीक और आधुनिक युद्ध क्षमताओं जैसे कि त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और उन्नत संचार नेटवर्क का प्रदर्शन शामिल है। कोहरे के बीच प्रैक्टिस में सैन्य सुरक्षा बल की अलग-अलग टुकड़ियां फ्लैग मार्च करती दिखीं। जयपुर के जगतपुरा महल रोड पर 15 जनवरी को मुख्य परेड होगी। इससे पहले 9, 11 और 13 जनवरी को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक इसकी रिहर्सल आयोजित की जाएगी, जिसे आम लोग भी देख सकेंगे। हर रिहर्सल और मुख्य आयोजन में करीब डेढ़ लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है।

### हेलिकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा

आर्मी डे परेड के दौरान सेना के हेलिकॉप्टर से पूरे परेड रूट पर पुष्प वर्षा की जाएगी। इसकी भी प्रैक्टिस जारी है। इसके साथ ही मॉडर्न तकनीकों से लैस अलग अलग हेलिकॉप्टर भी आसमान में उड़ान भरते दिखाई देंगे।

### पाकिस्तान में तबाही करने वाला ब्रह्मोस भी

हाल ही में भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की धरती पर तबाही मचाने वाला भारत का हाई स्पीड सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस समेत कई मिसाइलों का प्रदर्शन जारी है। बता दें कि इंडिया की सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस 290 किमी दूर दुश्मनों के ठिकानों को तबाह कर सकता है। इस मिसाइल की खासियत इसकी स्पीड है जो रडार के पकड़ से दूर होती है। सटीकता ऐसी की 290 किलोमीटर दूर टारगेट के 1 मीटर के रेंज में जाकर अटैक करता है।

### रजिस्ट्रेशन के बाद मिलेगी पूरी जानकारी

रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद आवेदक को मोबाइल पर एक मैसेज आएगा। इस संदेश के जरिए जरूरी दिशा-निर्देश पढ़े जा सकेंगे। इसके साथ ही रूट मैप और पार्किंग मैप भी ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, जिससे परेड स्थल तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो।

# राज्यपाल बोले- मेकालो ने देश की शिक्षा व्यवस्था तहस-नहस की

**कहा- नई शिक्षा नीति से सुधार का काम शुरू हुआ, उदयपुर में स्टूडेंट्स को बांटी डिग्रियां**

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** उदयपुर में राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे ने कहा- आदिकाल से हमारा देश समृद्ध, खुशहाल एवं सोने की चिड़िया रहा, लेकिन अंग्रेजों के आने के बाद वर्ष 1835 में मेकालो की शिक्षा ने पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था को ही तहस-नहस कर दिया। इसके परिणाम आज भी देखने को मिलते हैं। वहीं केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति से इसके सुधार का काम शुरू किया है। उदयपुर की बीएन यूनिवर्सिटी के दूसरा दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे ने बुधवार को स्टूडेंट्स को डिग्रियां बांटी। इस दौरान बागडे ने 99 पीएचडी धारकों को उपाधि, स्नातक एवं स्नातकोत्तर में 47 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजा। इसमें 62 पीएचडी उपाधि, 35 गोल्ड मेडल पर बेटियों ने कब्जा किया। वहीं मौसम की खराबी के चलते राज्यपाल करीब 2 घंटे की देरी से पहुंचे। वे चार्टर प्लेन से उदयपुर पहुंचे थे। इस मौके पर डिग्री एवं गोल्ड मेडल धारक पुरुष काले कलर का बंद गले का जोधपुरी कोट-साफा और महिलाएं गुलाबी रंग के सलवार सूट और साड़ी के ड्रेस कोड में पहुंचे।

### चुनौतियों का समाधान शिक्षा से ही संभव

राज्यपाल बागडे ने कहा- औपनिवेशिक नीतियों के कारण देश शिक्षा और स्थानीय उद्योगों से दूर हुआ। इससे समाज में गरीबी और विसंगतियां बढ़ीं। इन चुनौतियों का समाधान केवल शिक्षा से ही संभव है। विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास, बड़ी सोच, एकाग्रता और गहन अध्ययन को जीवन का मूल मंत्र अपनाने का आह्वान करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा से भारतीय शिक्षा व्यवस्था की उत्कृष्टता को स्थापित किया जा सकता है। राज्यपाल बागडे ने जनजातीय बाहुल्य जिलों में विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा- पिछड़े, घुमंतू और जनजातीय वर्ग से जुड़े विद्यार्थियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनकी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को मजबूत करना होगा। तभी सामाजिक स्तर पर समानता संभव हो पाएगी। उन्होंने कहा- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और उसके स्वर्णिम गौरव को पुनः स्थापित करने में विश्वविद्यालयों की निर्णायक भूमिका है। इससे शिक्षा के क्षेत्र में देश फिर से विश्व में नेतृत्वकारी स्थान प्राप्त कर सके।



### विदेशी सोशल मीडिया के विकल्प तलाशें स्टूडेंट्स

**विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति उच्च शिक्षा सलाहकार प्रो. कैलाश सोडाणी ने कहा- आत्मनिर्भर और आधुनिक मेवाड़ के निर्माण में शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका है। उन्होंने शोध, डिजिटल आधारित शिक्षा और डिजिटल अपग्रेड को समय की जरूरत बताते हुए मानसिक गुलामी से मुक्ति के लिए देश के अपने सोशल प्लेटफॉर्म विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने विदेशी सोशल मीडिया के विकल्प तलाशने, शिक्षा में परिवर्तन, शिक्षकों की भूमिका में सुधार तथा विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग कर समाज को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा- दीक्षांत भारतीय शिक्षा परंपरा का वह विशिष्ट क्षण है। जब शिक्षा केवल बौद्धिक उपलब्धि न रहकर जीवन मूल्यों और संस्कारों का आधार बनती है। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा- वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में सभी के लिए एक्सेस, एक्नेटेबिलिटी और अफोर्डेबिलिटी सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच सके। प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया- 7 हजार से अधिक विद्या प्रचारिणी सभा कार्यकारिणी पदाधिकारी, सदस्य, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।**

**ट्रम्प का मोदी पर बयान**

# राहुल बोले : फर्क समझो सरजी, इंदिरा ने अमेरिका को झुकाया था, ट्रम्प के आगे मोदी सरेंडर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से की। राहुल ने ङ्ग पर फर्क समझो सर जी कैप्शन के साथ 3 जून का वीडियो शेयर किया।

राहुल ने कहा- मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा ने अमेरिका को झुकाया था। आपको वह समय याद होगा जब फोन कॉल नहीं था, सातवां फ्लीट आया था। 1971 के युद्ध में अमेरिका ने अपने एयरक्राफ्ट कैरियर और हथियार भेजे थे। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था, 'मुझे जो करना है, मैं करूंगी। राहुल ने कहा, इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जरा सा दबाव डालो वे सरेंडर कर देते हैं। मैं अब इन बीजेपी-ञ्चस्स् के लोगों को बहुत अच्छी तरह जानता हूं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वे डर के मारे भाग जाएंगे।

राहुल का यह वीडियो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने कहा था- प्रधानमंत्री मोदी मुझसे मिलने आए और कहा सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं।

**ट्रम्प ने दावा किया था- मोदी मिलने आए, पूछा- सर क्या आपसे मिल सकता हूं**-अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले मंगलवार को कहा था कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं,



क्योंकि वॉशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50% टैरिफ लगाया है। ट्रम्प ने यह भी कहा- पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं और मैंने कहा- हां।

हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि यह सारी बातचीत कब और कहां हुई। ट्रम्प ने कहा- अपाचे हेलिकॉप्टर की वजह से भारत कई सालों से मेरे पास आ रहा था। हम इसे बदल रहे हैं। भारत ने 68 अपाचे हेलिकॉप्टरों का ऑर्डर दिया है।

# जयपुर में दूसरी बार झालाना लेपर्ड रिजर्व पहुंचे क्रिकेटर सूर्यकुमार

## कड़ाके की सर्दी में दोस्तों के साथ की सफारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार सुबह अपने दोस्तों के साथ जयपुर के झालाना लेपर्ड रिजर्व पहुंचे। कड़ाके की सर्दी के बीच उन्होंने जंगल सफारी का आनंद लिया और प्रकृति के बीच कुछ सुकून भरे पल बिताए। सफारी के दौरान सूर्यकुमार यादव ने झालाना की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से निहारा और जंगल के शांत वातावरण का अनुभव किया। वहीं सफारी के दौरान सूर्यकुमार यादव को लेपर्ड के दीदार का भी मौका मिला, जिससे वे खासे उत्साहित नजर आए। उन्होंने जंगल की वादियों, पहाड़ियों और वन्यजीवों को देखकर खुशी जताई। झालाना लेपर्ड रिजर्व की



जैव विविधता और यहां का शांत माहौल उन्हें काफी पसंद आया। बता दें कि सूर्यकुमार यादव जयपुर में खेले जा रहे विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले में शामिल होने के लिए आए थे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।